# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 24 नवंबर-2024 ● वर्ष : 9 अंक : 331 पेज-13 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


## सात सीटों पर खिला 'कमल', दो पर दौड़ी 'साइकिल', सीएम योगी ने पीएम मोदी को दिया जीत का श्रेय





**लखनऊ।** यूपी उपचुनाव में बीजेपी ने शानदार जीत दर्ज की है। 9 सीटों में से 7 पर बीजेपी जीती है। 2 पर सपा को जीत मिली है। करहल में सपा जीत तो गई है, लेकिन जीत का अंतर 2022 के चुनाव से इस उपचुनाव में बहुत कम हो गया है। करहल में 2022 में 67500 वोटों से जीते थे, इस बार यह जीत का अंतर 14000 वोटों का रह गया है।

**योगी बोले- यह डबल इंजन सरकार की नीतियों की जीत :** उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों में से 7 पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) जीत दर्ज करती दिख रही है। इस जीत से उत्साहित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, ह्यउत्तर प्रदेश के विधानसभा उपचुनावों में भाजपा-एनडीए की विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व एवं मार्गदर्शन पर जनता-जनार्दन के अटूट विश्वास की मुहर है, ये जीत डबल इंजन सरकार की सुरक्षा-सुशासन एवं जन-कल्याणकारी नीतियों तथा समर्पित कार्यकताओं के अथक परिश्रम का सफल है, यूपी के सुशासन और विकास को अपना मत देने वाले उत्तर प्रदेश के सम्मानित मतदाताओं का आभार एवं सभी विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई! बटेंगे तो कटेंगेङ्क एक रहेंगे-सेफ रहेंगे।

# संजीव शर्मा की आंधी में ढह गया पूरे विपक्ष का किला

## 96946 वोट पाकर संजीव शर्मा को शहर विधानसभा में महाजनादेश मिला



## 69351 वोटों से जीत हासिल की

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिस बात की उम्मीद भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा से लगाई जा रही थी उन्होंने ठीक उसी उम्मीद के अनुरूप काम किया। शनिवार को जब चुनावी नतीजा आया तो यहां संजीव शर्मा की आंधी में विपक्ष का पूरा किला ढह गया। संजीव शर्मा को यहां कम मतदान प्रतिशत के बावजूद महाजनादेश मिला। वो 69351 हजार से भी ज्यादा वोटों से विजयी हुए। बड़ी बात ये है कि यहां पूरा विपक्ष एक तरफ और संजीव शर्मा एक तरफ रहे। इस चुनाव में बसपा के हाथी से लेकर ओवैसी की पंतग अपनी जमानत भी नहीं बचा सके। संजीव शर्मा को पहले से ही टीआरपी का बादशाह कहा जाता है। वो अध्यक्ष के रूप में कार्यकर्ताओं के बीच भगवा कमांडर के नाम से मशहूर हैं और उन्हें अब तक के सबसे लोकप्रिय अध्यक्ष का खिताब भी लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने दिया था। उन्हें कार्यकर्ताओं का अध्यक्ष कहा जाता है और शनिवार को जब चुनाव नतीजा आया तो कार्यकर्ताओं का अध्यक्ष संजीव शर्मा जनता का विधायक हो गये।



ये उनकी अपनी लोकप्रियता है और ये सिद्ध करता है कि राजनीति में जनता उसी को पसंद करती है जो उसके मुद्दों पर बात करता है।

संजीव शर्मा अध्यक्ष रहते हुए कई मौकों पर जनमुद्दों को लेकर अधिकारियों तक पहुंचे और शहर विधानसभा उपचुनाव में उनकी प्रचंड जीत ने ये स्पष्ट कर दिया कि गाजियाबाद की जनता ने अब उस चेहरे के सिर पर ताज रखा है जो उनके बीच रहा है। संजीव शर्मा ने इस चुनाव में अपनी छवि को पूरी तरह से गैर विवादित रखा। उन्होंने खुद को कार्यकर्ता के रूप में सैट किया और कार्यकर्ताओं को ये फील करा दिया कि ये चुनाव कार्यकर्ता ही लड़ रहा है और फिर कार्यकर्ताओं ने मिलकर अपने अध्यक्ष को चुनाव लड़ाया। सुबह 8 बजे मतगणना शुरू हुई और ईवीएम की बीप...बीप... की आवाज के साथ संजीव शर्मा ने बढ़त लेनी शुरू की और कमल खिलता चला गया। संजीव शर्मा ने साबित किया कि आधे में भाजपा और आधे में पूरा विपक्ष है। इतनी बड़ी जीत और इतने कम मतदान प्रतिशत में मिलना एक बड़ी घटना है। संजीव शर्मा ने कम मतदान प्रतिशत में बम्पर वोट पाकर इतिहास रच दिया।

## प्रदेश में दूसरी सबसे बड़ी जीत संजीव शर्मा के नाम

करंट क्राइम : शनिवार को आए विधानसभा की 9 सीटों के उपचुनाव परिणाम भाजपा से लेकर उनके प्रत्याशियों के नाम रहे। उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में भाजपा और उसके गठबंधन ने 7 सीटों पर विजय हासिल की है। तो वहीं गाजियाबाद शहर सीट से भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा ने पूरे प्रदेश में दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा मत हासिल किए हैं। उन्हें कुल 96946 वोट मिले। उन्होंने सिंहराज जाटव सपा-कांग्रेस प्रत्याशी को हराया है, जबकि उत्तर प्रदेश की कुंदरकी सीट पर भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह को सर्वाधिक 1,44,791 वोट पड़े हैं। कुल मिलाकर संजीव शर्मा ने जिस तरीके के बड़े मार्जन से विरोधियों को शिकस्त दी है, उसकी गूंज दिल्ली और लखनऊ तक पहुंच गई है।

## 792 लोगों ने उपचुनाव में दबाया नोटा

करंट क्राइम : शनिवार को शहर विधानसभा सीट उपचुनाव का परिणाम आ गया। जिसमें जहां संजीव शर्मा विजयी रहे। तो सपा-कांग्रेस प्रत्याशी सिंहराज जाटव को छोड़कर कोई भी प्रत्याशी अपनी जमानत नहीं बचा पाया। वहीं कई प्रत्याशी ऐसे हैं कि वह बैलट पेपर में भी कुछ खास दम नहीं दिखा पाए। तो वहीं नोटा का भी शहर विधानसभा सीट के उपचुनाव में जमकर मतदाताओं ने प्रयोग किया है। कुल 792 लोगों ने नोटा बटन दबाकर किसी भी प्रत्याशी को अपना मत नहीं दिया। इसके साथ 792 लोगों ने नोटा बटन दबाया है, जो कई प्रत्याशियों को पड़े कुल वोटो से भी कई गुना अधिक संख्या के लिहाज से हैं।




## बैलेट पेपर में संजीव को बहुमत

करंट क्राइम : शहर विधानसभा सीट के लिए यूपी चुनाव हुआ और उपचुनाव के परिणाम शनिवार को जारी कर दिए गए। संजीव शर्मा बैलेट पेपर के परिणाम के मामले में भी टॉप पर रहे। उन्हें कुल 107 बैलेट पेपर पर डाले गए मतों में 68 मत प्राप्त हुए हैं। वहीं प्रत्याशी पवन, मिथुन जायसवाल, रूपेश चंद्र, विनय कुमार शर्मा, शमशेर राणा को बैलेट पेपर पर एक भी वोट नहीं मिला। इसके साथ ही उपचुनाव में कुल 838 वोट कैंसिल हो गए, तो वहीं 6 प्रत्याशी ऐसे रहे जिनको एक और दो वोट तक प्राप्त हुए हैं।

## संजीव शर्मा को मिला विनिंग सर्टिफिकेट



**तो एक तरफ कैबिनेट मंत्री और दूसरी तरफ स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री रहे साथ**

करंट क्राइम : शहर विधानसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव का रिजल्ट दोपहर 1:30 बजे तक फाइनल 26 राउंड की गिनती के बाद जारी कर दिया गया। तो करीब 2:00 बजे के बाद रिटर्निंग ऑफिसर इन्द्र विक्रम सिंह और रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय ने भाजपा के विजयी कैंडिडेट संजीव शर्मा को सर्टिफिकेट सौंपा। इस दौरान एक तरफ कैबिनेट मंत्री व साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा मौजूद थे। तो दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप मौजूद थे। साथ ही पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, भाजपा नेता पार्षद राजीव शर्मा, बॉबी त्यागी, गोपाल बंसल, विनय चौधरी, पंकज भारद्वाज, संदीप सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए पहुंचे थे।

## किसको मिले कितने वोट

| उम्मीदवार का नाम | पार्टी | कुल वोट |
|---|---|---|
| संजीव शर्मा | भारतीय जनता पार्टी | 96946 |
| सिंह राज जाटव | समाजवादी पार्टी | 27595 |
| परमानन्द गर्ग | बहुजन समाज पार्टी | 10736 |
| रवि कुमार | आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन | 6536 |
| सत्यपाल चौधरी | आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) | 6304 |
| पूनम | हिन्दुस्थान निर्माण दल | 3676 |
| शमशेर राणा | निर्दलीय | 251 |
| विनय कुमार शर्मा | निर्दलीय | 250 |
| रूपेश चंद्र | निर्दलीय | 226 |
| गयादीन अहिरवार | राष्ट्रीय बहुजन कॉंग्रेस पार्टी | 174 |
| रवि कुमार पांचाल | सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) | 131 |
| धर्मेन्द्र सिंह | राष्ट्रीय जनलोक पार्टी (सत्य) | 99 |
| मिथुन जायसवाल | निर्दलीय | 99 |
| पवन | सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी | 89 |

## सिंहराज को छोड़ कोई नहीं बचा पाया अपनी जमानत



करंट क्राइम : गाजियाबाद विधानसभा शहर सीट के उपचुनाव में कुल 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। इनमें से 12 प्रत्याशी अपनी जमानत भी नहीं बचा पाए हैं। भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को लोगों ने खुलकर वोट दिया और वह इस विधानसभा उपचुनाव में सर्वाधिक 96,946 मत पाने वाले प्रत्याशी बने। उनके बाद समाजवादी-कांग्रेस पार्टी के गठबंधन के चेहरे सिंहराज जाटव को 27595 मत मिले हैं। सिंहराज जाटव को छोड़कर कोई भी ऐसा प्रत्याशी नहीं बचा जो अपनी जमानत बचा सका हो। जमानत जप्त होने वालों में निर्दलीय शमशेर राणा, विनय कुमार शर्मा, रूपेश चंद, मिथुन जायसवाल, आजाद समाज पार्टी काशीराम से सतपाल चौधरी, सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी सुभाष पार्टी से रवि कुमार पांचाल, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन से रवि कुमार, हिंदुस्थान निर्माण दल की पूनम, सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी से पवन राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी सत्य के धर्मेंद्र सिंह, बहुजन समाज पार्टी के परमानंद गर्ग और राष्ट्रीय बहुजन कांग्रेस पार्टी के गयादीन अहीरवाल ऐसे प्रत्याशी रहे, जो विधानसभा उपचुनाव शहर सीट पर अपनी जमानत भी नहीं बचा पाए।

## सोशल मीडिया पर बसपा के पीएन गर्ग ने विधायक बनने की दी संजीव शर्मा को बधाई

करंट क्राइम : चुनाव में प्रत्याशियों के बीच टक्कर होती है और परिणाम आने के बाद माहौल बदल जाता है। ऐसा ही नजारा शनिवार को शहर विधानसभा सीट गाजियाबाद के परिणाम आने के बाद देखने को मिला। जहां सोशल मीडिया पर बसपा से उम्मीदवार रहे परमानंद गर्ग ने भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक संजीव शर्मा को जीत की बधाई दी। सोशल मीडिया पर जब उनकी यह पोस्ट और कमेंट आया तो उसपर कई लोगों ने अपने विचार भी साझा किए। कुल मिलाकर यह राजनीति की दृष्टि से एक अच्छा पोस्ट कहा जाएगा, जिसमें बसपा प्रत्याशी ने भाजपा प्रत्याशी की विजय पर शुभकामना वाला संदेश सोशल मीडिया के माध्यम से जारी किया।




## पूरी मतगणना के दौरान कूल रहे संजीव शर्मा, चेहरे पर नहीं दिखता तनाव

करंट क्राइम : शनिवार को शहर विधानसभा सीट गाजियाबाद पर हुए मतदान के बाद मतगणना का काम था और मतगणना सुबह करीब 8 बजे शुरू हुई। मतगणना शुरू होने के कुछ देर बाद ही भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा मीडिया हाउस की तरफ आए और पत्रकारों से बातचीत की। वह अपनी जीत को लेकर आश्वस्त थे, उन्होंने शुरू में ही कह दिया था कि 75% वोट भाजपा के खाते में आने वाला है और वह इतने कॉन्फिडेंट नजर आ रहे थे कि उनके चेहरे पर कभी पूरे परिणाम आने तक शिकन दिखाई नहीं दी। हालांकि वैलट पेपर से लेकर ईवीएम मशीनों के परिणाम आने तक संजीव शर्मा लीड वाले मामले को लेकर आगे लेकर चल रहे थे। दोपहर करीब 11 के बाद ही भाजपा कार्यकर्ताओं और चुनावी ड्यूटी में लगे उनके एजेंट अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नजर आने लगे थे। तो 12:30 बजे के बाद संजीव शर्मा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले भाजपा पदाधिकारी गोविंदपुरम स्थित अनाज मंडी में ही उनको शुभकामनाएं और विक्ट्री का साइन बनाकर दिखा रहे थे।



## घंटों करते रहे कार्यकर्ता संजीव शर्मा के स्वागत के लिए इंतजार

करंट क्राइम : शहर विधानसभा सीट के उपचुनाव के परिणाम सुबह 08 बजे से ही आने शुरू हो गए थे। बैलट पेपर से लेकर ईवीएम मशीनों के परिणाम उनके पक्ष में आने शुरू हो गए थे। जैसे-जैसे घड़ी की सुई आगे बढ़ रही थी, तो भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी संजीव शर्मा की झलक पाने के लिए गोविंदपुरम स्थित अनाज मंडी के पास पहुंचना शुरू हो गए। वहीं भाजपा के प्रमुख नेता और सांसद, विधायक, मंत्री सभी विजेता संजीव शर्मा का इंतजार कर रहे थे। कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए करीब ढाई बजे के आसपास संजीव शर्मा जैसे ही अनाज मंडी गोविंदपुरम से बाहर निकले उनका जोरदार स्वागत हुआ। नार लगे और आतिशबाजी के साथ पुष्प वर्षा भी की गई।



## जिला प्रशासन का चुनावी मैनेजमेंट रहा बेस्ट

करंट क्राइम : गोविंदपुरम अनाज मंडी में विधानसभा शहर सीट उपचुनाव की मतगणना होनी थी। मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू हो गई थी। खुद जिला अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह काउंटिंग से काफी देर पहले पहुंच गए थे। उन्होंने चीफ रिटर्निंग ऑफिसर और अलग-अलग सहायक रिटर्निंग ऑफीसरों से मतगणना शुरू होने से पहले ही अपडेट और व्यवस्थाओं का जायजा लिया था। तो खुद डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार पुलिस बल के साथ अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। जिलाधिकारी जो मतदान के चलते चीफ रिटर्निंग ऑफिसर की भूमिका में थे, वह लगातार मीडिया के लिए बनाए गए पंडाल में आते थे, वहां मीडियाकर्मियों से चुनाव का अपडेट लेते और देते साथ ही यहां की व्यवस्थाओं पर बातचीत करते और उनका हाल-चाल ले रहे थे।



## मीडिया मैनेजमेंट बखूबी संभाला योगेंद्र प्रताप सिंह ने



करंट क्राइम : मतगणना स्थल पर मीडियाकर्मियों के लिए चुनाव की अपडेट पल-पल मिलती रहे, इसके लिए मीडिया बॉक्स बनाया गया था। जहां प्रशासन की ओर से एसडीएम स्तर के अधिकारी मौजूद रहे। जो व्यवस्थाओं पर ध्यान दे रहे थे, तो खुद जिला सूचना अधिकारी योगेंद्र सिंह अन्य व्यवस्थाओं को संभालने का काम कर रहे थे। मीडियाकर्मियों के लिए लाइव टेलीविजन टेलीकास्ट हो रहा था। तो मतगणना की टेबलों से मतगणना का रिकॉर्ड भी उपलब्ध कराया जाताथा। इसके साथ ही जलपान से लेकर अन्य व्यवस्थाएं भी मीडिया कर्मियों को एक ही स्थान पर मुहैया कराई गई थीं।

# संजीव शर्मा ने कहा लाइन पार का होगा भरपूर विकास, पैकेज लाने पर रहेगा जोर

## बोले कनेक्टिविटी है लाइन पार की सबसे बेहतर और शुद्ध पेयजल के लिए करेंगे काम ● जल्द शुरू होगा दूधेश्वरनाथ मंदिर कॉरिडोर का काम

गाजियाबाद, करंट क्राइम : गाजियाबाद शहर सीट के लिए हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजीव शर्मा ने 96946 मत हासिल करके बता दिया है कि वह इस विधानसभा सीट के सबसे बड़े गेम चेंजर बने हैं। उन्हें जीत का खिताब मिला है, तो जल्द ही वह लाइन पार की स्थिति सुधारने के लिए काम शुरू करेंगे। शहर सीट के नव निर्वाचित विधायक संजीव शर्मा ने दैनिक करंट क्राइम से बातचीत करते हुए कहा है कि उनका विजन रहेगा की लाइन पार के क्षेत्र की जो समस्याएं हैं, उसको समय रहते दूर कराया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के अलावा वह केंद्र और प्रदेश सरकार से पैकेज की मांग करेंगे ताकि लाइन पार के हालात बदल सकें। उनके चुनावी मैनीफेस्टो में लाइन पार को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना।

दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के कॉरिडोर का निर्माण और जाम न लगे इसके लिए बेहतर प्लानिंग करना मुख्य कार्यों में से एक रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट में शिक्षा और चिकित्सा के लिए जो काम होने हैं, उसको कराना भी उनकी प्राथमिकता में शामिल रहेगा।



### लाइन पार को मिलेगा स्वच्छ और भरपूर पानी

करंट क्राइम : गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट से नव निर्वाचित विधायक संजीव शर्मा ने कहा है कि गाजियाबाद में उनकी विधानसभा सीट के अंतर्गत आने वाले लाइन पार क्षेत्र के लोगों को स्वच्छ गंगाजल उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता में शामिल रहेगा। तो वही गंगाजल पर्याप्त मात्रा में मिले, इसकी व्यवस्था भी करेंगे। उन्होंने कहा भले लाइन पार इलाके की कनेक्टिविटी सबसे बेहतर हो लेकिन जाम आज भी यहां बड़ी समस्या है। इसको निपटने के लिए वह संबंधित विभाग और अधिकारियों के साथ जल्द बैठक कर कार्य योजना बनाएंगे ताकि बड़ी जनता को रोजाना जाम से जो परेशानी होती है उसका सामना न करना पड़े। इसके साथ ही उन्होंने कहा है की नाली खड़ंजे के विकास कार्यों के अलावा व दिल्ली में केंद्र सरकार के मंत्रियों और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल से यहां के लिए विकास कार्य करवाएंगे ताकि हालात बदल सकें।

### दो साल में पूरे कराऊंगा, पांच साल के काम : संजीव शर्मा

करंट क्राइम : शहर सीट गाजियाबाद से नवनिर्वाचित भारतीय जनता पार्टी के विधायक संजीव शर्मा ने कहा है कि वो दो साल में वह सभी काम कराने का प्रयास करेंगे जिसे पांच साल में कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास भारतीय जनता पार्टी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मुख्य विजन है। जो जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ आगे भी जारी रहेगा।


श्री संजीव शर्मा जी
को शहर विधानसभा सीट पर
प्रचंड बहुमत
से विधायक बनने पर
हार्दिक बधाई
संजीव शर्मा
मा. विधायक, गाजियाबाद शहर
एवं महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
एवं
देवतुल्य कार्यकर्ताओं व
मतदाताओं का
हृदय से आभार
पिंटू तोमर
कार्यकारिणी सदस्य महानगर भाजपा, गाजियाबाद


श्री संजीव शर्मा जी
को शहर विधानसभा सीट पर
प्रचंड बहुमत
से विधायक बनने पर
हार्दिक बधाई
संजीव शर्मा
मा. विधायक, गाजियाबाद शहर
एवं महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
एवं
देवतुल्य कार्यकर्ताओं व
मतदाताओं का
हृदय से आभार
अमित त्यागी
भाजपा पार्षद, नगर निगम गाजियाबाद


श्री संजीव शर्मा जी
को शहर विधानसभा सीट पर
प्रचंड बहुमत
से विधायक बनने पर
हार्दिक बधाई
संजीव शर्मा
मा. विधायक, गाजियाबाद शहर
एवं महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
एवं
देवतुल्य कार्यकर्ताओं व
मतदाताओं का
हृदय से आभार
बालकिशन गुप्ता (बालू भाई)
जिलाध्यक्ष, गाजियाबाद
राष्ट्रीय व्यापार मंडल


श्री संजीव शर्मा जी
को शहर विधानसभा सीट पर
प्रचंड बहुमत
से विधायक बनने पर
हार्दिक बधाई
संजीव शर्मा
मा. विधायक, गाजियाबाद शहर
एवं महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
एवं
देवतुल्य कार्यकर्ताओं व
मतदाताओं का
हृदय से आभार
महेंद्र चौधरी
पूर्व पार्षद
आशीष चौधरी
महानगर उपाध्यक्ष, युवा मोर्चा भाजपा गाजियाबाद
शिल्पा चौधरी
निगम पार्षद


श्री संजीव शर्मा जी
को शहर विधानसभा सीट पर
प्रचंड बहुमत
से विधायक बनने पर
हार्दिक बधाई
संजीव शर्मा
मा. विधायक, गाजियाबाद शहर
एवं महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
एवं
देवतुल्य कार्यकर्ताओं व
मतदाताओं का
हृदय से आभार
अशु वर्मा
पूर्व महापौर एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा, गाजियाबाद


श्री संजीव शर्मा जी
को शहर विधानसभा सीट पर
प्रचंड बहुमत
से विधायक बनने पर
हार्दिक बधाई
संजीव शर्मा
मा. विधायक, गाजियाबाद शहर
एवं महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
एवं
देवतुल्य कार्यकर्ताओं व
मतदाताओं का
हृदय से आभार
पप्पू पहलवान
महानगर महामंत्री
अनिल शर्मा
वसुंधरा मंडल अध्यक्ष

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# हाथी नहीं बचा सका जमानत और साईकिल-हाथ का भी हो गया चुनाव में सूपड़ा साफ
# करनी होगी सियासी सुप्रीमो को समीक्षा, चुनाव में दे उन्हें टिकट जो पास कर सकें परीक्षा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चुनाव नतीजा जब आया तो उप चुनाव में अखिलेश यादव का जनरल सीट पर दलित कार्ड फेल हो गया। बसपा के हाथी की सोशल इंजीनियरिंग धरी रह गई। आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार की जमानत जब्त हो गई। ओवैसी की पतंग नहीं उड़ सकी। बड़ी बात ये है कि यहां केवल सपा-कांग्रेस गठबंधन के सिंहराज अपनी जमानत बचाने में सफल रहे। लेकिन बसपा के हाथी की जमानत जब्त हो गई। चुनावी जानकारों का कहना है कि अब ये समय राजनीतिक दलों के सुप्रीमों के लिए समीक्षा का समय है। ऐसे चेहरों को टिकट देना चाहिए जो जनता के बीच रहते हों और जन परीक्षा को पास कर सकें। सभी दलों के शीर्ष नेतृत्व ने टिकट तो कैलकुलेशन को साध कर दिया लेकिन वो उम्मीदवारों के प्रोफाईल को पढ़ने में शायद चूक गये। भगवागढ़ के उपचुनाव नतीजे के जो फजीते विपक्ष के लिए आये हैं वो अच्छा संकेत नहीं है।



## चंद्रशेखर की पार्टी भी सिमट गई 6304 वोटों पर



करंट क्राइम। आजाद समाज पार्टी ने यहां सबसे पहले उम्मीदवार घोषित किया। उनके उम्मीदवार सतपाल चौधरी पुराने नेता हैं। खुद चंद्रशेखर यहां दो बार आये। इस बार सतपाल चौधरी अपने चुनाव में शेखचिल्ली को लेकर नहीं आये। लेकिन वो कोई संदेश नहीं दे सके और दलितों के वोटों पर यूथ दावा करने वाली पार्टी केवल 6304 वोटों पर सिमट गई। सतपाल चौधरी भी यहां चुनाव तो लड़ रहे थे लेकिन वो रेस वाला फेस नही बन सके। जमानत जब्त हो गई। अब कहने वाले ये कह रहे है कि इसकी भी समीक्षा हो जाये कि ये 6304 वोट अगर चंद्रशेखर के नाम पर मिले हैं तो फिर सतपाल चौधरी के वोट कहां हैं और अगर सतपाल चौधरी को ये वोट मिले हैं तो भीम आर्मी का क्या बेस है।

## महावतों की टीम हो गई फेल और बसपा उम्मीदवार नहीं ले पाये अपने समाज के भी वोट

करंट क्राइम। चुनावी कैलकुलेशन को देंखे तो यहां बसपा के उम्मीदवार पीएन गर्ग बिरादरी के गणित से लेकर चुनावी कैलकुलेशन में फेल हो गये। अब यहां दौर एक दूसरे पर ठीकरे फोड़ने का लगेगा। मगर यहां बसपा के महावतों की टीम फेल हो गई। बसपा की टीम किसी भी चेहरे को सपने दिखाकर और हाईकमान को समीकरण गिनाकर चुनाव में उम्मीदवार तो बनवा देती है लेकिन उम्मीदें कुछ नहीं होती। लोकसभा चुनाव में नन्द किशोर पुण्डीर को भी इन्हीं महावतों ने सपने दिखाये। बसपा कहां जा रही है ये दिखाई दे रहा है। शहर विधानसभा में नन्द किशोर पुण्डीर को लगभग 11 हजार वोट मिले थे लेकिन विधानसभा में परमानन्द गर्ग को महज 10736 वोट मिले। सवाल यही है कि यहां की टीम क्या कर रही है। ये तब हुआ जब शहर विधानसभा में दलित वोटों की संख्या 70 हजार है। उस विधानसभा में नीला हाथी केवल 10 पर ही बस कर गया। अगर ये वोट दलित समाज के हैं तो फिर बसपा का उम्मीदवार बताये कि उनके समाज का एक प्रतिशत वोट भी क्या उसे मिला। बूथ की समीक्षा महावतों के लिए भी है। बड़ी बात ये है कि यहां दलित वोट खिसक रहा है और वो कांग्रेस की तरफ भी जा रहा है वो समाजवादी की तरफ भी जा रहा है और वो चंद्रशेखर की पार्टी की तरफ भी जा रहा है। इतना ही नहीं यहां भाजपा भी इस वोट बैंक में सेंध लगा रही है। अगर पीएन गर्ग को वैश्य समाज का वोट मिला होता तो सीन जमानत जब्त वाला नहीं होता। लेकिन वो वैश्य समाज को अपनी तरफ नहीं मोड सके और वैश्य समाज फूल का बटन दबाकर आया। चुनाव में ना ब्रदर काम आये और ना बिरादरी काम आई। अब ये सभी दलों के कर्णधारों सुप्रीमो को सोचना है कि वो चुनाव के मानक का ध्यान रखें और टिकट देते समय ऐसे चेहरों को फोकस में रखे जो वास्तव में सियासी हैं और केवल चुनाव लड़ने ही नहीं आये हैं। यहां बसपा को बहुत बड़े बदलाव की जरूरत है क्योंकि उसका डीएम छिटक गया है। मुस्लिम वोट उसे मिला नहीं और डी तितर बितर हो गया।





## गठबंधन का होता सियासी फेस तो यहां मजबूत रहता उसका बेस



करंट क्राइम। ये सीट गठबंधन में सपा के खाते में आई। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव यहां पीडीए का मैसेज देना चाहते थे। लेकिन अब नतीजे के बाद खुद सपा और कांग्रेस के नेता ये मान रहे हैं कि अगर सियासी फेस ले आते तो यहां मजबूत बेस हो सकता था। बसपा से आये चेहरे को सपा के टिकट पर कांग्रेस की सपोर्ट से चुनाव लड़वाया गया। कांग्रेस यहां दिल से सपोर्ट करती तो वोट संख्या बढ़ जाती। लेकिन वो वोट निकालने में भी कामयाब नहीं रहे। उम्मीदवार का नेटवर्क लाईन पार तक सिमट कर रह गया। नेटवर्क के करंट का पता ही नहीं चला। अब जब तुलना हो रही है तो सपा के नेता मान रहे है कि इससे तो विशाल वर्मा ज्यादा वोट ले आये थे। अगर यहां वैश्य कार्ड खेला होता और यहां अभिषेक गर्ग जैसे चेहरे को टिकट मिल जाता तो यहां सम्मानजनक स्थिति होती। सपा को वास्तव में समीक्षा की जरूरत है। वो दलित कार्ड खेलने के बाद भी दलितों के वोट नहीं ले पायी। जनता के बीच रहने वाले चेहरे को जनता ने सपोर्ट किया। खुद सपा के नेता कह रहे हैं कि भले ही हार होती लेकिन सम्मानजनक होती। सपा केवल 50 प्रतिशत वोटों पर काम कर रही थी और भाजपा 100 प्रतिशत वोटों को फोकस कर रही थी। सपा का दलित कार्ड फेल हुआ और उनका दलित चेहरा दलितों के वोट भी नहीं ले पाया और भाजपा को मुस्लिम इलाकों में भी वोट मिले। खुद नेता मान रहे हैं कि अब यहां इस बात का मंथन होना चाहिए कि उम्मीदवार ऐसा होना चाहिए जिसकी जन स्वीकार्यता हो। वो केवल चुनाव लड़ने ही ना आया हो।

## अगर जोड़ भी लेते सारे विपक्ष के उम्मीदवार और निर्दलीय मिलकर अपने वोट
## तो भी वो संजीव शर्मा से हार जाते इस चुनाव में 40780 वोटों से

### किसको मिले कितने वोट

| उम्मीदवार का नाम | पार्टी | कुल वोट |
|---|---|---|
| संजीव शर्मा | भारतीय जनता पार्टी | 96946 |
| सिंह राज जाटव | समाजवादी पार्टी | 27595 |
| परमानन्द गर्ग | बहुजन समाज पार्टी | 10736 |
| रवि कुमार | आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन | 6536 |
| सत्यपाल चौधरी | आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) | 6304 |
| पूनम | हिन्दुस्थान निर्माण दल | 3676 |
| शमशेर राणा | निर्दलीय | 251 |
| विनय कुमार शर्मा | निर्दलीय | 250 |
| रूपेश चंद्र | निर्दलीय | 226 |
| गयादीन अहिरवार | राष्ट्रीय बहुजन काँग्रेस पार्टी | 174 |
| रवि कुमार पांचाल | सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) | 131 |
| धर्मेन्द्र सिंह | राष्ट्रीय जनलोक पार्टी (सत्य) | 99 |
| मिथुन जायसवाल | निर्दलीय | 99 |
| पवन | सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी | 89 |



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इस बार भाजपा इस चुनाव को जबरदस्त प्लानिंग से लड़ी है। उसने बूथ पर काम किया। उसने बंटोगे तो कटोगे, नारे को फैलाया। वो पीएम-सीएम के नाम पर आई और उसके कार्यकर्ता बूथ पर डट गये। 33.30 प्रतिशत के मतदान में भाजपा ने पूरे विपक्ष को समेट दिया। ये वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भी हुआ था और वर्ष 2024 के विधानसभा उपचुनाव में भी हुआ जब भाजपा एक तरफ और पूरा एक विपक्ष सिमट गया। वोटों की तराजू पर भगवा कमांडर संजीव शर्मा भारी बैठे और पूरा विपक्ष मिलकर मुकाबला नहीं कर सका। अगर यहां पूरे विपक्ष के वोट जोड़ें तो बसपा के 10736, सपा के 27595, आजाद समाज पार्टी के 6304, औवेसी की पार्टी के 6536 इसके अलावा अन्य निर्दलीयों के वोट जोड़ें तो यहां संख्या 56166 होती है। अगर इस संख्या को संजीव शर्मा को मिले वोटों 96946 से घटा दें तो भी यहां पूरा विपक्ष 40780 वोटों से चुनाव हार जाता। यहां भाजपा ने जबरदस्त परफोर्मेंस दिखाई है और उसने कम मतदान प्रतिशत के बावजूद पूरे विपक्ष को समेट कर रख दिया है।

## राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप और मेयर सुनीता दयाल का अनुमान बैठा सटीक
### जितना बताया था अनुमान, उतने ही मिले संजीव शर्मा को वोट

**मेरा है अनुमान भाजपा जीतेगी 75 हजार के करीब वोटों से: नरेंद्र कश्यप**



करंट क्राइम। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने कहा कि मेरा अनुमान है कि भाजपा यहा 75 हजार वोटों से लीड लेगी। उन्होंने अपने तर्क के साथ राजनीति के मनोविज्ञान को समझाया। उन्होंने कहा कि इस दावे के पीछे समूह रूचि का तर्क है। यहां ब्राह्मण समाज अब भाजपा का बेस वोटर है और संजीव शर्मा को लेकर उनमें उत्साह है। वैश्य समाज का वोट मिला है। पिछड़े तथा अति पिछड़े वर्ग का वोट भाजपा को मिला है। भाजपा ने दलित वोटों में भी सेंध लगाई है और यहां पर सपा-बसपा का कैडर वोट डिवाइड हो गया है। मुस्लिम समाज ने अधमने मन से वोट किया है। ऐसे में यहां भाजपा को एक बड़ी जीत मिलने जा रही है। मेरा तो ये कहना है कि आधे में भाजपा है और आधे में पूरा विपक्ष होगा। यहां वोटर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों को पसंद किया है। यहां सियासी समीकरण कैडर जाति और समुदाय के बीच भी विभाजित हुआ है। इसका लाभ भाजपा को मिला है।

**25 प्रतिशत वोट में सिमटेगा पूरा विपक्ष और 75 प्रतिशत वोट मिलेगा भाजपा को: सुनीता दयाल**



करंट क्राइम। मेयर सुनीता दयाल ने दावा किया कि यहां भाजपा को कुल पड़े वोटों का 75 प्रतिशत वोट मिलेगा। उन्होंने कहा कि पूरा विपक्ष 25 प्रतिशत वोटों में सिमट जाएगा। मेयर सुनीता दयाल ने कहा कि ये जीत भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत की जीत है। यह जीत जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों के प्रति विश्वास है।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सियासत में अनुभव और सक्रियता दोनों का ही अपना एक खजाना होता है। जो चेहरे जमीनी राजनीति करते हैं और जिनके पास अनुभव होता है वो पहले से ये अनुमान लगाते हैं कि सियासत का ये ग्राफ कहां तक जायेगा। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप राजनीति के पुराने योद्धा हैं। उन्हें संगठन का अनुभव है, वो सक्रिय राजनीति के चेहरे हैं और जमीनी अनुभव उन्होंने प्राप्त किया है। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। वहीं मेयर सुनीता दयाल भी भाजपा की जमीनी राजनीति का चेहरा हैं।

वो तब से भाजपा की मुख्य धारा की राजनीति में हैं जब आज के कई चेहरों ने सियासत की एबीसी नहीं सीखी थी। वो भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। वो मेयर हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि संगठन से लेकर चुनाव तक उन्हें पूरा अनुभव है। दैनिक करंट क्राइम ने चुनाव जीत को लेकर भाजपा के जनप्रतिनिधियों से बात की थी। इनमें से सांसद अतुल गर्ग ने एक लाख की जीत का दावा किया था। वहीं कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने सबसे बड़ी जीत की बात कही थी। इन सबके बीच राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप और मेयर सुनीता दयाल ने पूरा खाका खींचा था और ये कहा था कि 70 हजार का आंकड़ा रहेगा। ये बात दोनों जनप्रतिनिधियों ने कही थी और जब शनिवार को चुनाव नतीजा आया तो राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप और मेयर सुनीता दयाल का अनुमान सटीक बैठा।

## भगवागढ़ की केसरिया सियासत के सबसे बड़े किंग मेकर बने हैं अतुल गर्ग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भगवागढ़ की केसरिया सियासत के सबसे बड़े किंग मेकर के रूप में अतुल गर्ग उभर कर सामने आये हैं। वो खुद लोकसभा सांसद हैं और राष्ट्रीय स्तर की राजनीति के बड़े चेहरे बने हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि यहां अतुल गर्ग किंग मेकर बने हैं।

क्योंकि संजीव शर्मा का टिकट अतुल गर्ग का आशीर्वाद बताया जाता है। अतुल गर्ग ने इस नाम की पैरवी की थी और कहा तो ये भी जाता है कि सांसद अतुल गर्ग ने एक लैटर लिखकर शीर्ष नेतृत्व को ये बताया था कि संजीव शर्मा ही क्यों उम्मीदवार होने चाहिए।

संजीव शर्मा का टिकट हुआ और जब मतदान प्रतिशत डाउन जाने के बाद भी यहां भाजपा पूरी तरह से अप होकर सामने आई और विपक्ष का पैकअप ही करवा दिया। इसके बाद ये सिद्ध हो गया कि संजीव शर्मा के नाम की पैरवी करते हुए अतुल गर्ग ने वास्तव में भाजपा को मजबूत किया। उन्होंने जो नाम दिया था उस नाम ने धमाल कर दिया। कहा जाता है कि अगर मतदान प्रतिशत 40 से 45 प्रतिशत के बीच हो जाता तो अतुल गर्ग की वो भविष्यवाणी सही साबित हो जाती जिसमे उन्होंने कहा था कि संजीव शर्मा एक लाख वोटों से जीतेंगे।

## ट्रैफिक डायवर्जन का इस बार फॉर्मूला रहा हिट, नहीं लगा जाम



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों ने मतगणना स्थल का निरीक्षण करने के बाद इस बार पार्किंग व्यवस्था और रूट डायवर्जन को लेकर प्लान नया बनाया था। खुद एडीसीपी ट्रैफिक व चुनाव के नोडल प्रभारी रहे पीयूष सिंह ने इस बार पार्किंग व्यवस्था एनडीआरएफ ग्राउंड के सामने डीपीएस स्कूल के निकट बनवाई गई थीं। जो मतगणना स्थल के गेट नंबर दो के बेहद नजदीक थीं। यहां मीडिया, जनप्रतिनिधियों और ड्यूटी में आने वाले अधिकारियों के वाहन खड़े किए गए थे। तो पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के वाहनों की व्यवस्था अलग की गई थीं। कुल मिलाकर हापुड़ गोविंदपुरम मुख्य मार्ग पर सुबह से लेकर मतगणना समाप्त होने तक यातायात सामान्य चलता रहा, जाम की स्थिति नहीं हुई और लोगों को भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

# चुनावी नतीजे आने के बाद विपक्षी उम्मीदवारों ने शहर की शिष्टाचार परम्परा निभाई
# बसपा-सपा और ओवैसी की पार्टी के उम्मीदवारों ने संजीव शर्मा को दी जीत की बधाई

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद शहर की एक सियासी परम्परा है और इस परम्परा पर गर्व किया जा सकता है। यहां सभी सियासी दल एक दूसरे के सुख-दुख में शामिल होते हैं। सियासत में शिष्टाचार का अपना एक स्थान है। शनिवार को भी ये परम्परा दिखाई दी। संजीव शर्मा चुनाव जीते तो यहां सबसे पहले बसपा उम्मीदवार परमानन्द गर्ग ने मतगणना स्थल को छोड़ा। वो जिस वाहन पर आये थे उसी वाहन पर सुबह 11.30 बजे मतगणना स्थल से चले गये। लेकिन जाते जाते उन्होंने भाजपा के संजीव शर्मा को जीत की बधाई दी। बड़ा दिल दिखाया और फिर उन्होंने सोशल मीडिया पर भी संजीव शर्मा को विधायक बनने की बधाई दी। इसके अलावा मतगणना के अंत तक तीन चेहरे डटे रहे। इनमें गठबंधन उम्मीदवार सिंहराज जाटव, आजाद समाज पार्टी के सतपाल चौधरी और एआईआईएम के रवि कुमार थे। इन तीनों ने संजीव शर्मा को विधायक बनने पर बधाई दी।




## संजीव शर्मा ने कहा सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं का करता हूं दिल से आभार

करंट क्राइम। सजीव शर्मा जीते तो कार्यकर्ताओं का जोश सातवें आसमान पर था। वो एहसास करा रहे थे कि विधायक कार्यकर्ताओं का है और कार्यकर्ताओं में से विधायक आया है। एक दूसरे को बधाईयां दी जा रही थी। संजीव शर्मा ने भी सबसे पहले निर्वाचन अधिकारी से अपना निर्वाचन प्रमाण पत्र प्राप्त किया और इस दौरान उनके साथ राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा भी मौजूद थे। सांसद अतुल गर्ग को दिल्ली जाना था क्योंकि वहां भी जीत का जश्न था। संजीव शर्मा बाहर निकले और नवयुग मार्किट स्थित कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने मंच, माईक संभाला और सभी देवतुल्यों कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं आपसे वादा करता हूं कि हमेशा कार्यकर्ताओं के लिए उपलब्ध रहूंगा। मेरा पूरा समय कार्यकर्ताओं के लिए है, जनता के लिए है। संजीव शर्मा ने शुरू से अपने चुनाव को कार्यकर्ता मोड में रखा। ये संदेश दिया कि कार्यकर्ता ही चुनाव लड़ रहा है और शनिवार को मतगणना स्थल के बाहर कार्यकर्ता खुशी से झूम रहे थे। जब वो मतगणना स्थल से बाहर आये तो कार्यकर्ताओं का जोश नारों से दिखाई दे रहा था।

## भगवा कमांडर की जीत पर किया उनकी पत्नी ने स्वागत

करंट क्राइम। सियासत हो या विरासत हो या फिर जिंदगी में कोई भी सफलता हो, उस सफलता में सबसे ज्यादा खुशी जीवन साथी को भी होती है। संजीव शर्मा की धर्मपत्नी भी इस चुनाव में लगातार एक्टिव रहीं। जब संजीव शर्मा, विधायक संजीव बनकर घर पहुंचे तो पति की जीत पर पत्नी की खुशी देखने लायक थी। अपने पति की प्रतिष्ठा से वो कितना खुश हैं ये उनके चेहरे से दिखाई दे रहा था। उन्होंने आम कार्यकर्ताओं के बीच रहकर अपने पति की जीत का इंतजार किया और जब संजीव शर्मा विधायक बनकर घर पहुंचे तो उनकी पत्नी ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप उनका स्वागत किया।





शुभकामनाएं




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बीजेपी नेता रुद्रप्रताप त्यागी ने शहर विधायक संजीव शर्मा को जब बधाई दी तो सांसद अतुल गर्ग के वो शब्द सबको याद आ गए कि आपके जनप्रतिनिधि ऐसे हैं जहां आप उनके कंधे पर हाथ रख कर,गले में हाथ डाल कर अपनी बात कह सकते है। ये आत्मीयता ये अपनापन इस बधाई शुभकामनाएं वाले सीन में दिखाई दे रहा है।

# संजीव शर्मा के विधायक बनने पर सदर विधानसभा के सभी मतदाताओं को बधाई : इन्द्रजीत सिंह टीटू



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** इन्द्रजीत सिंह टीटू ने कहा है कि संजीव शर्मा जी को विधायक बनाए जाने में विशेष तौर से पंजाबी समाज ने अग्रणीय भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि जब लगभग 70000 वोटो की भारी जीत के बाद विधायक संजीव शर्मा उनसे गले मिले तो वह बहुत ही खुशनुमा पल था। श्री सिंह ने सदर विधानसभा में रहने वाले सभी पंजाबी समाज के साथियों को जिन्होंने हर मीटिंग में अपना सहयोग दिया उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली से राष्ट्रीय सचिव मनिंदरजीत सिंह सिरसा की भी मीटिंग करने के लिए गाजियाबाद आए थे। अमरोहा से विधान परिषद के सदस्य डॉक्टर हरि सिंह ढिल्लों ने भी गाजियाबाद आकर मीटंग की और समाज के मतदाताओं से भाजपा को वोट देने की अपील की। उसका रिजल्ट यह है कि संजीव शर्मा आज विधायक बन गए हैं। इन्द्रजीत सिंह टीटू ने कहा कि उन्हें मीरापुर का प्रभारी बनाया गया था मीरापुर में भी भाजपा को लगभग 30000 वोटो से जीत मिली। मीरापुर से मिथलेश पाल जीतकर विधायक बन गईं हैं।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मनीष चौधरी ने अपनी 9वीं मैरिज एनिवर्सरी की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। उन्होंने जीवनसंगिनी के साथ अपने इस फोटो को शेयर किया और लिखा कि साथ साथ 9 वर्ष। सभी परिजनों ने, मित्रों शुभचिंतकों समर्थकों ने बधाई शुभकामनाएं दी। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# हनुमानजी का एक ही मंत्र है सेवा -अरविन्द ओझा





गाजियाबाद करंट क्राइम। सनातन धर्म मन्दिर गोल्फलिंक लेंडक्राफ्ट में चल रही हनुमत कथा में शनिवार को हमुमान जी के जीवन लीला पर प्रकाश डालते हुए कथा व्यास अरविन्द ओझा ने कहा हमारे मन्दिर केवल पूजा करने का स्थान नही है, हमारे मन्दिर समाज की जाग्रति के केन्द्र बनने चाहिए। हनुमान जी के मंदिर के साथ अगर अखाडा नही है तो मंदिर अभी अधुरा है। उन्होंने कहा कि हम गृहस्थ लोगो की जिम्मेदारी है कि गुरु और पुरोहित के जीवन यापन की व्यवस्था करें जिससे वो अपने शास्त्र व राष्ट्र को बचाने के लिए युवाओं को संस्कारित कर सके। उन्होंने कहा कि हनुमानजी का एक ही मंत्र है सेवा। यही सेवा का मंत्र उन्होंने विभीषण को दिया था। हनुमानजी सन्देश देते हैं कि जो समस्त संसार की अर्थात पशु-पक्षी, जीव-जंतु, पेड़-पौधे सब में परमात्मा का वास मानकर उनकी सेवा करता है भगवान ऐसे सेवक पर प्रेम और कृपा की वर्षा करते हैं। हनुमान चालीसा ऐसा ग्रन्थ है जो हमे भगवान तक पहुचने का मन्त्र व पंथ बताता है।
गुरु की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि जो हमें भगवान से परमात्मा से जोड़े वही गरु हो सकता है जो वेदों और सनातन परम्परा से तोडकर अपने से जोड़े वो गुरु नही हो सकता। कथा में विजय अग्रवाल, वरदान अग्रवाल व मोहित के साथ गिरीश, रामवीर यादव, दिनेश कोशिक, ममता रस्तोगी, मनमीत कुमार, गिरीश कुमार, पूर्व पार्षद हिमांशु लव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# संजीव शर्मा की जीत व मत प्रतिशत प्राप्ति का दावा सौ फीसदी सत्य रहा : सरदार एस पी सिंह



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा के पूर्व महानगर संयोजक व अल्पसंख्यक आयोग उ०प्र० के पूर्व सदस्य सरदार एस पी सिंह ने शहर उपचुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा व सभी कार्यकताओं को बधाई दी है। श्री सिंह ने बुधवार को चुनाव के बाद ही विश्लेषण करते हुए दावा किया था कि उपचुनाव में वोटिंग बेशक 33 प्रतिशत रहा है जोकि काफी कम है फिर भी भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को लगभग 65 प्रतिशत मत मिलेंगे और शेष अन्य दलों के प्रत्याशियों को मिलेंगे। मतगणना के बाद उनका का दावा सत्य हुआ है। भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को कुल मतदान के 65 प्रतिशत मत मिले व 70हजार मतों से शानदार ऐतिहासिक जीत दर्ज कर पार्टी कार्यकताओं का सम्मान बढ़ाया है। एसपी सिंह ने दावा किया है कि संजीव शर्मा शहर की जनता के सुख दुख में साथ रहकर क्षेत्र के विकास के लिए और बेहतर काम करेंगे।

शुभकामनाएं



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समरकूल चैयरमैन संजीव गुप्ता ने संजीव शर्मा को विधायक निर्वाचित घोषित होने पर उन्हें गले लगा कर जीत की बधाई दी। विधायक संजीव शर्मा ने भी फूलों की माला संजीव गुप्ता को पहनाई और दोनों संजीव इस मुस्कुराहट वाले फ्रेम में पूरे प्रेम के साथ दिखाई दे रहे हैं।

करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। महाराष्ट्र एवं प्रदेश में उपचुनाव में ऐतिहासिक प्रचंड जीत की खुशी में राष्ट्रीय कार्यालय बीजेपी दिल्ली में गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग के नेतृत्व में हजारों लोगों के साथ पहुंचे। मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान, राजेंद्र कुमार, विकास मित्तल, धर्मेंद्र, पूर्व पार्षद मीनल रानी, पूर्व पार्षद प्रेम चौधरी, जिला उपाध्यक्ष विपिन मावी, प्रधान सुरेश लाल, मनीष पंडित, कृष्ण अवतार गर्ग, संजीव मित्तल आदि हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## संपादकीय

# टीबी मुक्त भारत का संकल्प

ट्यूबरक्लोसिस यानी टीबी एक ऐसा नाम है, जिससे शायद ही कोई अनभिज्ञ हो। यह बीमारी बहुत पुरानी है। पिछले 200 वर्षों में विश्व में संचारी रोगों से होने वाली मौतों में सबसे अधिक का कारण टीबी रहा है। अगर शोधकताओं के दावों को मानें तो मिस्र की ममी में भी टीबी के लक्षण पाए गए थे। भारत की बात करें तो सुश्रुत संहिता में यक्षमा और बलासा रोगों का उल्लेख किया गया है। हमारे विशेषज्ञों का मानना है कि यह दोनों नाम टीबी के ही हैं। यजुर्वेद में भी टीबी जैसे रोग का जिक्र है और ऐसे चिह्नित लोगों को ऊंचाई वाले स्थान पर रहने की सलाह दी गई है। यह दशार्ता है कि टीबी हजारों साल पुरानी बीमारी है, जो जिंदगियों को लील रही है। टीबी को खत्म करने के लिए मनुष्य जाति की लड़ाई भी पुरानी है, लेकिन अभी तक हम इस लड़ाई को जीतने में कामयाब नहीं हुए हैं। पिछले कई वर्षों से विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्ल्यूएचओ ने टीबी को दुनिया से मिटाने के लिए कई देशों के साथ सामंजस्य स्थापित किया और राजनीतिक प्रतिबद्धता पर सहमति बनाई है। इसके अंतर्गत वर्ष 2030 तक टीबी उन्मूलन का अभियान चलाया जा रहा है। इसके अच्छे परिणाम भी मिलने लगे हैं। डब्ल्यूएचओ ने भले ही टीबी उन्मूलन के लिए 2030 तक का लक्ष्य रखा हो, लेकिन 14 मार्च 2018 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने ह्यटीबी हारेगा, देश जीतेगाह्व के नारे के साथ भारत से वर्ष 2025 तक टीबी को मिटाने का अभियान आरंभ किया है। पूरा विश्व भारत की इस प्रतिबद्धता और उसे पूरा करने के लिए हो रहे प्रयासों की सराहना कर रहा है। कोविड महामारी के दौरान करीब तीन साल में टीबी उन्मूलन की इस लड़ाई में हमें परेशानी हुई और हमारा टीबी उन्मूलन कार्यक्रम गंभीर तरीके से पिछड़ गया। हमें यह तीन-चार वर्षों का काम एक साल में करना था। इसके लिए जब हमने मंथन किया तो हमें प्रधानमंत्री मोदी जी की दिखाई राह से इसका समाधान मिला। यह समाधान था-जनभागीदारी। टीबी उन्मूलन के लिए भारत ने अपना माडल तय किया है-ह्यटेस्ट, ट्रेस, ट्रीट और टेक्नोलोजी। अब इनके साथ-साथ जनभागीदारी भी जुड़ गया है। भारत के इस माडल को आज पूरे विश्व से सराहना मिल रही है। जब मैंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय का जिम्मा संभाला था तब 9 सितंबर, 2022 को हमने तय किया कि प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हम देश के लोगों को टीबी मिटाने में भागीदार बनाएंगे और उनसे आग्रह करेंगे कि वह निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीज को गोद लें और ऐसे मरीजों को जल्दी से ठीक होने के लिए पोषण की सहायता प्रदान करें। साथ ही में उन्हें जरूरी परीक्षण और नौकरी देकर मदद करें। निक्षय मित्र से एक और अपेक्षा की गई कि वह गोद लिए गए मरीजों को दुलार कर उसे अहसास दिलाए कि वह जल्दी से ठीक होकर फिर से सामान्य जीवन जी सकते है।


प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी





श्री संजीव शर्मा जी
को शहर विधानसभा सीट पर
प्रचंड बहुमत
से विधायक बनने पर
हार्दिक बधाई
एवं
देवतुल्य कार्यकर्ताओं व
मतदाताओं का
हृदय से आभार
संजीव शर्मा
मा. विधायक, गाजियाबाद शहर
एवं महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
सचिन डेढ़ा
महानगर अध्यक्ष,
युवा मोर्चा भाजपा, गाजियाबाद




श्री संजीव शर्मा जी
को शहर विधानसभा सीट पर
प्रचंड बहुमत
से विधायक बनने पर
हार्दिक बधाई
एवं
देवतुल्य कार्यकर्ताओं व
मतदाताओं का
हृदय से आभार
संजीव शर्मा
मा. विधायक, गाजियाबाद शहर
एवं महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
सुरेश कुमार कश्यप
पूर्व एम.एल.सी.




श्री संजीव शर्मा जी
को शहर विधानसभा सीट पर
प्रचंड बहुमत
से विधायक बनने पर
हार्दिक बधाई
एवं
देवतुल्य कार्यकर्ताओं व
मतदाताओं का
हृदय से आभार
संजीव शर्मा
मा. विधायक, गाजियाबाद शहर
एवं महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
रोबिन भड़ाना
लाजपत नगर, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष




श्री संजीव शर्मा जी
को शहर विधानसभा सीट पर
प्रचंड बहुमत
से विधायक बनने पर
हार्दिक बधाई
एवं
देवतुल्य कार्यकर्ताओं व
मतदाताओं का
हृदय से आभार
संजीव शर्मा
मा. विधायक, गाजियाबाद शहर
एवं महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
सुभाष छाबड़ा
महानगर अध्यक्ष
राजु छाबड़ा
युवा प्रदेश उपाध्यक्ष




श्री संजीव शर्मा जी
को शहर विधानसभा सीट पर
प्रचंड बहुमत
से विधायक बनने पर
हार्दिक बधाई
एवं
देवतुल्य कार्यकर्ताओं व
मतदाताओं का
हृदय से आभार
संजीव शर्मा
मा. विधायक, गाजियाबाद शहर
एवं महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
सरदार एसपी सिंह
पूर्व सदस्य उ.प्र. अल्पसंख्यक आयोग




श्री संजीव शर्मा जी
को शहर विधानसभा सीट पर
प्रचंड बहुमत
से विधायक बनने पर
हार्दिक बधाई
एवं
देवतुल्य कार्यकर्ताओं व
मतदाताओं का
हृदय से आभार
संजीव शर्मा
मा. विधायक, गाजियाबाद शहर
एवं महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
रनिता सिंह
महानगर उपाध्यक्ष भाजपा गाजियाबाद



श्री संजीव शर्मा जी
को शहर विधानसभा सीट पर
प्रचंड बहुमत
से विधायक बनने पर
हार्दिक बधाई
संजीव शर्मा
मा. विधायक, गाजियाबाद शहर
एवं महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
एवं
देवतुल्य कार्यकर्ताओं व
मतदाताओं का
हृदय से आभार
जगदीश साधना
वरिष्ठ भाजपा नेता, गाजियाबाद एवं सदस्य पंजाबी अकादमी, उत्तर प्रदेश सरकार




श्री संजीव शर्मा जी
को शहर विधानसभा सीट पर
प्रचंड बहुमत
से विधायक बनने पर
हार्दिक बधाई
संजीव शर्मा
मा. विधायक, गाजियाबाद शहर
एवं महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
एवं
देवतुल्य कार्यकर्ताओं व
मतदाताओं का
हृदय से आभार
रेखा गोस्वामी
नगर निगम पार्षद, भाजपा, गाजियाबाद
मानसिंह गोस्वामी
क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, पश्चिमी उत्तर प्रदेश पूर्व महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद




श्री संजीव शर्मा जी
को शहर विधानसभा सीट पर
प्रचंड बहुमत
से विधायक बनने पर
हार्दिक बधाई
संजीव शर्मा
मा. विधायक, गाजियाबाद शहर
एवं महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
एवं
देवतुल्य कार्यकर्ताओं व
मतदाताओं का
हृदय से आभार
महानगर संयोजक, व्यवसायिक प्रकोष्ठ भाजपा, गाजियाबाद
अरोड़ा स्टोर, सी-41, लोहिया नगर गाजियाबाद




श्री संजीव शर्मा जी
को शहर विधानसभा सीट पर
प्रचंड बहुमत
से विधायक बनने पर
हार्दिक बधाई
संजीव शर्मा
मा. विधायक, गाजियाबाद शहर
एवं महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
एवं
देवतुल्य कार्यकर्ताओं व
मतदाताओं का
हृदय से आभार
प्रदीप चौहान वाल्मीकि
क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा पश्चिम क्षेत्र




श्री संजीव शर्मा जी
को शहर विधानसभा सीट पर
प्रचंड बहुमत
से विधायक बनने पर
हार्दिक बधाई
संजीव शर्मा
मा. विधायक, गाजियाबाद शहर
एवं महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
एवं
देवतुल्य कार्यकर्ताओं व
मतदाताओं का
हृदय से आभार
पप्पू पहलवान
महानगर महामंत्री
राहुल शर्मा
भाजपा नगर निगम पार्षद, गाजियाबाद


श्री संजीव शर्मा जी
को शहर विधानसभा सीट पर
प्रचंड बहुमत
से विधायक बनने पर
हार्दिक बधाई
संजीव शर्मा
मा. विधायक, गाजियाबाद शहर
एवं महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
एवं
देवतुल्य कार्यकर्ताओं व
मतदाताओं का
हृदय से आभार
गोपाल अग्रवाल
महानगर महामंत्री, भाजपा, गाजियाबाद


श्री संजीव शर्मा जी
को शहर विधानसभा सीट पर
प्रचंड बहुमत
से विधायक बनने पर
हार्दिक बधाई
संजीव शर्मा
मा. विधायक, गाजियाबाद शहर
एवं महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
एवं
देवतुल्य कार्यकर्ताओं व
मतदाताओं का
हृदय से आभार
बॉबी त्यागी
भाजपा महानगर उपाध्यक्ष (गाजियाबाद)


सुनील शर्मा (कैबिनेट मंत्री)
श्री संजीव शर्मा जी
को शहर विधानसभा सीट पर
प्रचंड बहुमत
से विधायक बनने पर
हार्दिक बधाई
संजीव शर्मा
मा. विधायक, गाजियाबाद शहर
एवं महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
एवं
देवतुल्य कार्यकर्ताओं व
मतदाताओं का
हृदय से आभार
भूपेन्द्र उपाध्याय
M. 9891846787
पार्षद वार्ड 41, झण्डापुर, महाराजपुर


श्री संजीव शर्मा जी
को शहर विधानसभा सीट पर
प्रचंड बहुमत
से विधायक बनने पर
हार्दिक बधाई
संजीव शर्मा
मा. विधायक, गाजियाबाद शहर
एवं महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
एवं
देवतुल्य कार्यकर्ताओं व
मतदाताओं का
हृदय से आभार
पप्पू पहलवान
महानगर महामंत्री
ओमेंद्र कसाना
उर्फ डब्बी पहलवान
भौपुरा, मंडल अध्यक्ष


श्री संजीव शर्मा जी
को शहर विधानसभा सीट पर
प्रचंड बहुमत
से विधायक बनने पर
हार्दिक बधाई
संजीव शर्मा
मा. विधायक, गाजियाबाद शहर
एवं महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
एवं
देवतुल्य कार्यकर्ताओं व
मतदाताओं का
हृदय से आभार
धीरज शर्मा
महामंत्री भाजपा, महानगर गाजियाबाद


श्री संजीव शर्मा जी
को शहर विधानसभा सीट पर
प्रचंड बहुमत
से विधायक बनने पर
हार्दिक बधाई
संजीव शर्मा
मा. विधायक, गाजियाबाद शहर
एवं महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
एवं
देवतुल्य कार्यकर्ताओं व
मतदाताओं का
हृदय से आभार
हिमांशु शर्मा
जिलाध्यक्ष,
युवा मोर्चा भाजपा गाजियाबाद

## न्यूज डायरी

### विधायक ने किया नेत्र परीक्षण शिविर का उद्घाटन

**मोदीनगर करंट क्राइम।** स्वामी कल्याण देव ट्रस्ट की ओर से मोतियाबिंद आपरेशन के लिये लगाये गये नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक डॉ0 मंजू शिवाच ने फीता काटकर किया। इस मौके पर विधायक डॉ0 मंजू शिवाच ने संस्था के सामाजिक गातिविधियों की सराहना की ओर संस्थाओं को भी ऐसे आयोजन करने की भागीदारी पर बल प्रदान किया। शिविर का आयोजन ट्रस्ट से जुड़े भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष नवीन जायसवाल की ओर से सिखैडा रोड पर किया गया। इस मौके पर सैकड़ों मरीजों की आखों की नि:शुल्क जांच की गयी ओर मोतियाबिंद से परेशान मरीजों के आपरेशन के लिये उन्हें अस्पताल भेजा गया। शिविर के इस आयोजन में पूर्व सभासद निशा जायसवाल, आशीष रघुवंशी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

### ड्यूटी गया युवक लापता, अनहोनी की आशंका

**मोदीनगर करंट क्राइम।** एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुये रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कर दी है। लक्ष्मी नगर कॉलोनी निवासी सोनू कुमार परिवार सहित रहते है। उनका (24) वर्षीय पुत्र आकाश कश्यप गाजियाबाद की निजी कंपनी में नौकरी करता है। करीब दो दिन पहले वह सांय डयूटी पर जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुये थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस युवक की तलाश में लग गई है।

### आईवीएफ कराने के नाम पर दो महिलाओं से 2.90 लाख रुपए ठगने का आरोप

**मोदीनगर करंट क्राइम।** दो महिलाओं से आईवीएफ कराने के नाम पर 2.90 लाख रुपए ठगने का मामला प्रकाश में आया है। पैसे वापस मांगने पर आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहा है। महिलाओं ने थाने में तहरीर देते हुये पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है। पुलिस जांच की बात कह रही है। थानान्तर्गत एक गांव निवासी दो महिलाओं ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव निवासी दंपत्ति ने आइवीएफ कराने की बात कहीं। बताया गया कि सुरक्षित व सस्ता इलाज करा दिया जाएगा। इसके बाद आरोपियों ने महिलाओं से 2.90 लाख रुपए ले गए। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब आईवीएफ नहीं हुआ, तो पैसे वापस मांगे। अब आरोपी गांव छोड़कर चले गए और पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देते है। महिलाओं ने इस संबंध में थने में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### महिला से शारीरिक संबंध बनाने का बनाया दबाव, बच्चों व पति को मारने की धमकी

**मोदीनगर करंट क्राइम।** एक गांव की महिला ने गांव के ही एक युवक पर जबरन शारीरिक संबध बनाने का दवाब डालने का आरोप लगाया हैं। महिला का आरोप है कि युवक कई दिनों से बार बार उसे फोन कर रहा है, इतना ही नही घर पर आकर उसने धमकी दी है कि यदि उसने सबंध नही बनाये तो वह स्कूल जा रहे बच्चों व उसके पति की हत्या कर देगा। पीड़िता ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगायी हैं। उसका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हैं। भोजपुर थानान्तर्गत एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके गांव का एक युवक उसे गत दस दिन से कई कई बार फोन करता है और शारारिक संबध बनाने के लिये अनुचित दबाव डालता हैं, इतना ही नहीं, दो दिन पूर्व जब उसके बच्चे स्कूल गये थे ओर पति ड्यूटी पर गया था, तो वह घर आया ओर उसने उसके साथ छेड़छाड करनी शुरू कर दी महिला द्वारा शोर मचाकर विरोध जताने पर उसने बच्चो व पति को जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गया। पीड़िता ने सोशल मीडिया के जरिये अपनी पीड़ा बताते हुए पुलिस से अपनी व परिवार की सुरक्षा की गुहार लगायी हैं। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि उनके संज्ञान में यह मामला आया हैं और मामले की जांच करायी जा रही हैं। आरोपी के विरुद्व कठोर कार्रवाही की जायेगी।

### मोदी कॉलेज में दिशा अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन

**मोदीनगर करंट क्राइम।** डॉ0 केएन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में दिशा अभियान के अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में उद्यमिता, मेंटोरशिप व उपयोगिता संबंधी एक आवश्यक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 विपिन अग्रवाल ने बताया कि दिशा अभियान, सरकारी स्कूलों में उद्यमिता, मैन्टोरशिप व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बेहतर उपयोग द्वारा सीखने को वास्तविक जीवन से जोड़कर छात्रों के लिए शिक्षण अधिगम की प्रक्रिया को वास्तविक, सार्थक और चुनौतीपूर्ण बनाने से है। कार्यशाला में क्षेत्र के महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज गोविंदपुरी, आदर्श कन्या इंटर कॉलेज गोविंदपुरी, पीबीएएस कन्या इंटर कॉलेज, पीबीएएस बॉयज इंटर कॉलेज, रुक्मणी मोदी महिला इंटर कॉलेज, श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज निवाड़ी, चैधरी चरण सिंह इंटर कॉलेज पतला व डॉ0 केएन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर के लगभग 50 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

# पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में मनाया गया पुलिस झंडा दिवस

### थानों और पुलिस ऑफिस में फहराया गया झंडा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस झंडा दिवस ध्वजारोहण करके पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस कमिश्नरेट के सभी थानों, डीसीपी आफिसों, ट्रैफिक पुलिस, साइबर क्राइम सेल में भी संबंधित अधिकारियों ने ध्वजारोहण किया। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों ने पुलिस झंडा दिवस ध्वजारोहण करके पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

### ईमानदारी से करें कर्तव्यों का पालन : डीसीपी

करंट क्राइम : पुलिस डीसीपी ऑफिस में आयोजित समारोह में शनिवार को ध्वजरोहण के बाद पुलिस अधिकारियों ने सलामी ली। इस मौके पर पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस का ध्वज सत्य और निष्ठा का प्रतीक है। पुलिस बल का दायित्व है कि वह समाज में अंवाछनीय गतिविधियों के खात्मे के साथ ही अपनी ड्यूटी की ईमानदारी और निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने इस मौके पर डीजीपी का संदेश पढ़कर सुनाया।












# शहर विधानसभा उपचुनाव मतगणना के दौरान कुछ इस तरह दिखाई दी राजनीतिक और प्रशासनिक गतिविधियां



# इस्राइल ने बेरूत पर फिर किया हवाई हमला

## आठ मंजिला आवासीय इमारत को बनाया निशाना

## चार लोगों की हो चुकी मौत

**बेरूत ।** बीते एक साल से ज्यादा समय से इस्राइल और हमास के बीच जंग जारी हैं। वहीं, इस युद्ध की लपटें लेबनान और ईरान तक पहुंच चुकी हैं। इस बीच, एक बार फिर हमले तेज हो गए हैं। इस्राइल ने शनिवार तड़के मध्य बेरूत को निशाना बनाकर हवाई हमला किया। सुरक्षा सूत्रों ने कहा, इस्राइल ने ईरान समर्थक हिजबुल्ला समूह के खिलाफ आक्रामक अभियान शुरू किया। शक्तिशाली हमले से लेबनान की राजधानी बुरी तरह से हिल गई। वहीं, लेबनानी मीडिया ने बताया कि इस्राइल के विमानों ने बस्ता क्षेत्र में स्थित पांच मिसाइलों से आठ मंजिला आवासीय इमारत को निशाना बनाया, जिसमें कम से कम चार लोग मारे गए और 33 घायल हो गए।



### सुबह चार बजे किए हमले

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बेरूत में तड़के करीब चार बजे कई शक्तिशाली विस्फोट हुए। दो सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि हमले में कम से कम चार रॉकेट दागे गए।

बेरूत के बस्ता इलाके में विस्फोट स्थल पर एंबुलेंसों के पहुंचने के दौरान सायरन की आवाज सुनी जा सकती थी। मीडिया चैनलों द्वारा जारी फुटेज में कम से कम एक नष्ट इमारत दिखाई गई और कई अन्य बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। बता दें, यह इस सप्ताह बेरूत के मध्य क्षेत्र को निशाना बनाने वाला चौथा इस्राइली हवाई हमला था। रविवार को रास अल-नबा जिले में एक इस्राइली हवाई हमले में हिजबुल्ला के एक वरिष्ठ मीडिया अधिकारी की मौत हो गई थी।

### एंबुलेंसों के सायरन की आवाज गूंजी

बेरूत के बस्ता इलाके में विस्फोट स्थल पर एंबुलेंसों के पहुंचने के दौरान सायरन की आवाज सुनी जा सकती थी। मीडिया चैनलों द्वारा जारी फुटेज में कम से कम एक नष्ट इमारत दिखाई गई और कई अन्य बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। बता दें, यह इस सप्ताह बेरूत के मध्य क्षेत्र को निशाना बनाने वाला चौथा इस्राइली हवाई हमला था। रविवार को रास अल-नबा जिले में एक इस्राइली हवाई हमले में हिजबुल्ला के एक वरिष्ठ मीडिया अधिकारी की मौत हो गई थी

इस्राइल ने सितंबर में लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ एक बड़ा हमला शुरू किया : दो मोर्चों पर युद्ध लड़ रहा इस्राइल इस्राइल अब फलस्तीन के गाजा पट्टी में हमास के साथ-साथ ही उसके सहयोगी हिजबुल्ला से भी जंग कर रहा है। पिछले साल सात अक्तूबर को हमास ने अचानक इस्राइल में घुसकर हमला कर बड़ी संख्या में नरसंहार किया था। जवाबी कार्रवाई में इस्राइल ने हमला किया।

# भारत से की पढ़ाई, शिक्षक से लेकर श्रीलंका के प्रधानमंत्री तक, किए कई आंदोलन

**नई दिल्ली ।** वह श्रीलंका में मौजूदा राष्ट्रपति की करीबी और शक्तिशाली राजपक्षे परिवार की कटु आलोचक हैं। शिक्षक बनीं, तो शिक्षकों की मांगों को लेकर एक बड़ा आंदोलन खड़ा कर दिया। राजनीति में उतरीं, तो महंगाई के विरोध में हुए आंदोलन से लेकर तख्तापलट तक में अहम भूमिका निभाई। हरिनी अमरसूर्या के प्रधानमंत्री बनने की कहानी में कई मोड़ हैं।

हाल ही में अधिकृत रूप से श्रीलंका की नई प्रधानमंत्री बनीं डॉ. हरिनी अमरसूर्या का संक्षिप्त परिचय दिया जाए, तो वह यह है कि उन्होंने बचपन से लेकर पचपन की उम्र में प्रवेश करने तक अपने जीवन में विरोध और संघर्ष ही देखा है।

वह जब सिर्फ दो वर्ष की थीं, तब उनके बागवान पिता को अपना मूल निवास स्थान छोड़कर राजधानी कोलंबो में शरण लेनी पड़ी। दस वर्ष की उम्र में गृहयुद्ध की वजह से उनके परिवार को कुछ समय के लिए देश छोड़ कर जाना पड़ा।

हालांकि हरिनी और उनके परिवार का संघर्ष जारी रहा। श्रीलंका क`



अलावा, भारत और दूसरे कई देशों से समाजशास्त्र और नृविज्ञान में शिक्षा हासिल करने वाली हरिनी अमरसूर्या राजनीति में आने से पहले शिक्षक थीं। परिवारवाद, विशेषकर राजपक्षे परिवार की कटु आलोचक डॉ. हरिनी ने 2011 में श्रीलंका ओपन यूनिवर्सिटी में वरिष्ठ शिक्षक की नौकरी जॉइन करते ही, शिक्षक आंदोलन खड़ा कर दिया। वह 2019 में शिक्षक की नौकरी से इस्तीफा देकर सक्रिय राजनीति में आ गईं और फिर 2022 में आर्थिक संकट की वजह से श्रीलंका में विरोध और तख्तापलट में भी उनकी अहम भूमिका रही।

पूर्व की श्रीलंकाई राजनीतिक संस्कृति को जहरीली और पुरुष प्रधान बताने वाली डॉ. हरिनी बुकर पुरस्कार विजेता भारतीय लेखिका और एक्टिविस्ट अरुंधति रॉय की प्रशंसक हैं। वह श्रीलंका की 16वीं और तीसरी महिला प्रधानमंत्री हैं। ऐसे की शुरूआत छह मार्च, 1970 को दक्षिण-पश्चिमी श्रीलंका के तटीय शहर गाले में जन्मीं अमरसूर्या तीन भाई-बहनों में सबसे छोटी हैं।

उनके पिता चाय बागान के मालिक थे और माता गृहिणी। लेकिन 1972 में श्रीलंका में भूमि सुधार कानून की वजह से उनकी जमीन छीन ली गई और परिवार कोलंबो आ गया।

# अर्जेंटीना के राष्ट्रपति ने इटली की पीएम को दिया खास तोहफा, मेलोनी ने कही दिल छू लेने वाली बात

**ब्यूनस आयर्स ।** अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलाई और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के बीच हुई मुलाकात की एक तस्वीर सामने आई है। इस मुलाकात के दौरान मिलाई ने मेलोनी को एक खास तोहफा दिया है। यह तोहफा काफी सुर्खियों में है। इसके पीछे का कारण यह है कि राष्ट्रपति ने खुद की एक चेनसॉ चलाने वाली प्रतिमा उपहार में दी है।



### कासा रोसाडा में जेवियर से मुलाकात की

बता दें, इटली की पीएम ने इस सप्ताह की शुरूआत में अर्जेंटीना गणराज्य का दौरा किया था। तभी उन्होंने कासा रोसाडा में जेवियर से मुलाकात की। इस दौरान अर्जेंटीना के राष्ट्रपति ने मेलोनी को एक खास तोहफा दिया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीर में दोनों नेता अगल-बगल खड़े दिख रहे हैं, जिसमें मेलोनी एक मूर्ति पकड़ी हुई हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मिलाई ने पिछले साल राष्ट्रपति अभियान के दौरान एक रैली प्रोप के रूप में चेनसॉ का इस्तेमाल किया था।

**कार्यभार संभालने के बाद पहुंची ब्यूनस :** मेलोनी द्वारा कार्यभार संभालने के बाद लैटिन अमेरिका की उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा है। उन्होंने कहा, 'यह कोई अचानक लिया हुआ फैसला नहीं था। मैंने ब्यूनस आयर्स आने का फैसला इसलिए किया क्योंकि जैसा कि राष्ट्रपति मिलाई ने भी कहा है कि इटली और अर्जेंटीना के लोगों में भाईचारे का रिश्ता है।'

उन्होंने आगे कहा, 'इस यात्रा के साथ ही मैं स्पष्ट रूप से उस बात को भी दोहराना चाहती था जो राष्ट्रपति मिलाई ने इटली को लेकर कहा था। यह याद करते हुए खुशी हो रही है।

# यूएन राजदूत बोले - भौगोलिक सीमाओं से पार हिंदी को मिली वैश्विक पहचान, इसने समावेशिता को दिया बढ़ावा

**न्यूयॉर्क ।** संयुक्त राष्ट्र ने वैश्विक स्तर पर हिंदी भाषा को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। यूएन मुख्यालय में एक विशेष कार्यक्रम में उसके वैश्विक संचार विभाग (डीजीसी) के निदेशक इयान फिलिप्स ने कहा है कि हिंदी ने भौगोलिक सीमाओं को पार करते हुए वैश्विक स्तर पर प्रसिद्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि यह एक व्यापक रूप से प्रशंसित भाषा बन गई है जो समावेशिता को बढ़ावा देती है। इसके साथ ही उन्होंने दुनिया भर में लोगों को जोड़ने और सशक्त बनाने के लिए इसे बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन द्वारा हिंदी दिवस मनाने के लिए विशेष कार्यक्रम में भारतीय सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हुआ। इस प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष सांसद बीरेंद्र प्रसाद बैश्य ने इस कार्यक्रम में विभिन्न देशों में हिंदी की लोकप्रियता पर चर्चा की।



इस दौरान, संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक संचार विभाग (डीजीसी) के निदेशक इयान फिलिप्स ने अपने संबोधन की शुरूआत 'नमस्कार दोस्तों' के साथ की।

आगे उन्होंने कहा कि हिंदी की वैश्विक पहुंच को प्रभावशाली बताते हुए कहा कि दुनिया भर में 600 मिलियन से अधिक लोग यह भाषा बोलते हैं। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी और मंदारिन के बाद यह दुनिया में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। उन्होंने कहा कि हिंदी पहली बार 1949 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में बोली गयी थी। फिलिप्स ने आगे कहा कि ऐसी दुनिया में जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता जोर पकड़ रही है, भारत को एक प्रमुख भूमिका के साथ उभर कर आया है। साथ ही हिंदी भाषा लाखों लोगों के साथ संवाद करने का एक प्रमुख जरिया बन गई है।


वहीं, संयुक्त राष्ट्र में नेपाल के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत लोक बहादुर थापा ने कहा कि हिंदी ने भारत और नेपाल के बीच लोगों से लोगों के संबंधों, जुड़ाव और संबंधों को और अधिक विस्तारित और मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा ने हमारे लोगों के बीच आर्थिक अवसरों और गतिशीलता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके व्यापक उपयोग ने व्यापार, पर्यटन और सीमा पार व्यापार उद्यमों को सुविधाजनक बनाया है।

# वित्तीय संकट से जूझ रहे पाकिस्तान में वित्त और उर्जा मंत्रालय में ठनी

**इस्लामाबाद ।** वित्तीय संकट से जूझ रहे पाकिस्तान में आईएमएफ की एक शर्त को लेकर वित्त और ऊर्जा मंत्रालय आपस में भिड़ गए हैं। दरअसल, आईएमएफ ने 7 अरब अमेरिकी डॉलर के समझौते को लेकर पाकिस्तान के सामने जनवरी तक औद्योगिक बिजली संयंत्रों को गैस आपूर्ति कम करने की शर्त रखी थी। लेकिन इसे पूरा करने को लेकर अब पाकिस्तान के वित्त और ऊर्जा मंत्रालय में विवाद हो गया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, हाल ही में इसे लेकर पीएम शहबाज शरीफ के आवास पर एक बैठक हुई थी, जहां ऊर्जा मंत्रालय की पेट्रोलियम डिवीजन ने दावा किया कि वित्त मंत्रालय ने कार्यक्रम वार्ता के समय अपनी आपत्तियों के बावजूद शर्तों को स्वीकार कर लिया। इस डिवीजन ने आगे दावा किया कि अचानक



कनेक्शन कटने से सरकार और उद्योगों को 427 अरब रुपये का नुकसान हो सकता है।

वहीं, दूसरी ओर वित्त मंत्रालय का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ वार्ता के समय पेट्रोलियम डिवीजन ने उसकी शर्त पर अपनी सहमति दी थी। लेकिन अब जबकि शर्त को अमलीजामा पहनाने की बात है ।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सांप्रदायिक हिंसा, घरों को नुकसान पहुंचा ; 18 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान से एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पिछले 24 घंटे में सांप्रदायिक हिंसा में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। जबकि 30 अन्य घायल हुए हैं।

### वाहनों के काफिले पर हमले के बाद हुई झड़प

पुलिस ने बताया कि अफगानिस्तान की सीमा से लगे कुर्रम जिले में अलीजई और बागान कबीलों के बीच झड़पें गुरुवार को यात्री वाहनों के काफिले पर हमले के बाद हुईं। इसमें उग्रवादियों ने 47 लोगों की हत्या कर दी थी।

वहीं, बालिशेल, खार काली, कुंज अलीजई और मकबाल में भी गोलीबारी जारी है। लोग भारी हथियारों से एक-दूसरे को निशाना बना रहे हैं।




**30 लोग हुए घायल :** झड़पों में अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है और 30 लोग घायल हो गए हैं। स्वतंत्र और मीडिया सूत्रों ने झड़पों में 30 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर दी है। झड़प में घरों और दुकानों को भी नुकसान पहुंचा है। विभिन्न गांवों के लोग सुरक्षित स्थानों पर भाग गए हैं।

निजी शिक्षा नेटवर्क के अध्यक्ष मुहम्मद हयात हसन ने पुष्टि की कि बिगड़ती स्थिति के कारण, जिले के सभी शैक्षणिक संस्थान शनिवार को बंद रहे।

### इससे पहले 47 लोगों की हुई थी मौत

अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को बागान, मंदूरी और ओछाट में 50 से अधिक यात्री वाहनों पर गोलीबारी की गई। गोलीबारी में छह वाहन सीधे तौर पर चपेट में आ गए, जिससे महिलाओं और बच्चों समेत 47 लोगों की मौत हो गई।

उन्होंने कहा कि ये वाहन पाराचिनार से खैबर पख्तूनख्वा की राजधानी पेशावर जा रहे थे। अधिकतर पीड़ित शिया समुदाय के हैं।

# बुशरा की 'मदीना जाने पर परेशानी वाले वीडियो पर विवाद, बचाव में इमरान बोले- बेगम ने सऊदी नहीं कहा

**इस्लामाबाद ।** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी द्वारा मित्र देश सऊदी अरब पर दिए बयान के बाद विवाद शुरू हो गया है। बुशरा बीबी ने कहा था कि उनके पति की समस्याएं सऊदी अरब की यात्रा के बाद शुरू हुईं। हालांकि, इमरान खान ने अपनी पत्नी का बचाव किया। उन्होंने कहा कि बीबी ने सऊदी अरब का बिल्कुल भी जिक्र नहीं किया।

**करने के लिए था वीडियो संदेश :** यह वीडियो खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के समर्थकों को रविवार को इस्लामाबाद में विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के लिए था।

लेकिन इसके बजाय उन्हें सत्ता से बेदखल करने में सऊदी अरब की कथित भूमिका के अप्रत्यक्ष संदर्भ के कारण विवाद पैदा हो गया। हालांकि,



72 वर्षीय खान का एक्स पर बयान पीएम शहबाज शरीफ, उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार, पूर्व सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा की आलोचना के बाद आया है। इन नेताओं ने एक्स पर पोस्ट की गई वीडियो क्लिप पर बुशरा बीबी की आलोचना की।

### वीडियो बयान में खान की 2018 की यात्रा का जिक्र

बुशरा बीबी ने बृहस्पतिवार को खान की सितंबर 2018 की यात्रा जिक्र करते हुए एक वीडियो बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा कि खान की समस्याएं तब शुरू हुईं, जब वह मदीना गए और उन्हें अपने विमान से बिना जूतों के बाहर निकलते देखा गया।

उन्होंने दावा किया कि घटना के बाद तत्कालीन सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा को फोन आए। उन्होंने कहा, 'खान की वापसी के तुरंत बाद, बाजवा को फोन आने लगे कि ये तुम किसको लाए हो? हम इस देश में शरिया व्यवस्था को खत्म कर रहे हैं और आप शरिया के प्रवर्तकों को लेकर आए हैं।'

**पीटीआई समर्थकों को प्रेरित**

9:27 मिनट के वीडियो में, जो पीटीआई के आधिकारिक एक्स हैंडल पर भी उपलब्ध है, बुशरा बीवी ने किसी देश का नाम नहीं लिया।

### खान का दावा- बाजवा ने उनकी सरकार का किया पतन

बुशरा बीबी के बयान पर विवाद खड़ा होने के बाद इमरान खान ने उनका बचाव किया। खान ने एक्स पर एक बयान में स्पष्ट किया कि बीबी ने सऊदी अरब का बिल्कुल भी उल्लेख नहीं किया।

खान ने जोर देकर कहा कि सऊदी अरब हमेशा पाकिस्तान का दृढ़ सहयोगी रहा है। खान ने दोहराया कि उनकी पत्नी राजनीति में शामिल नहीं थीं और राष्ट्र के नाम उनका संदेश केवल 24 नवंबर के विरोध प्रदर्शन की प्रत्याशा में उनके शब्दों को प्रतिबिंबित करता है।

खान ने यह भी दावा किया कि उनकी सरकार का पतन पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर बाजवा द्वारा किया गया था और उन्होंने उन पर कथित साजिश की जांच को रोकने का आरोप लगाया।

# जलवायु वित्त के प्रस्ताव पर नागरिक समाज की नाराजगी कहा- बुरी डील होने से अच्छा, कोई समझौता ही न हो

**बाकू ।** बाकू में आयोजित हो रहे जलवायु सम्मेलन के दौरान नागरिक समाज ने विरोध प्रदर्शन किया। दरअसल नागरिक समाज (सिविल सोसाइटी) के लोग विकसित देशों के उस प्रस्ताव का विरोध कर रहे हैं, जिसमें विकसित देशों ने साल 2035 तक जलवायु वित्त में 250 अरब डॉलर का फंड देने की बात कही है। नागरिक समाज के लोगों ने इस प्रस्ताव को अपमान और अन्यायपूर्ण समझौता करार दिया है।

**नागरिक समाज के लोगों ने सम्मेलन स्थल पर निकाला विरोध मार्च :** नागरिक समाज के लोगों ने अपने हाथों में बैनर लेकर सम्मेलन स्थल पर शांतिपूर्ण विरोध मार्च निकाला। 1900 नागरिक समाज संगठनों के वैश्विक गठबंधन क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क ने विकासशील देशों के सबसे बड़े समूह जी77 और चीन को लिखे पत्र में अपील करते हुए लिखा कि 'वैश्विक दक्षिण का समर्थन करें और हम अपील करते हैं कि बाकू में कोई बेकार समझौता होने से अच्छा है कि कोई समझौता ही न हो।' 'खरबों के नुकसान पर इतना जलवायु वित्तपोषण देना अपमानजनक' साउथ एशिया के वरिष्ठ सलाहकार शैलेंद्र यशवंत ने प्रस्ताव की निंदा करते हुए कहा, 'नवीनतम मंत्रिस्तरीय पाठ में 250 अरब अमरीकी डॉलर का जलवायु वित्त पर नया सामूहिक परिमाणित लक्ष्य कोई मजाक है, यह वैश्विक दक्षिण के लोगों का अपमान है जो बाढ़, हीटवेव, चक्रवात, भूस्खलन या जंगल की आग और अन्य जलवायु परिवर्तन-प्रेरित आपदाओं से अपने सामान को बचाने और अपने जीवन को फिर से बनाने की कोशिश कर रहे हैं।'




जीवाश्म ईंधन अप्रसार संधि पहल के लिए वैश्विक जुड़ाव निदेशक हरजीत सिंह ने प्रस्ताव को 'अपमानजनक' कहा। उन्होंने कहा, 'विकसित देश जलवायु कार्रवाई की लागत से पूरी तरह वाकिफ हैं, जो सालाना खरबों डॉलर में है। फिर भी उनमें इतनी कम राशि देने की हिम्मत थी।'

### विकासशील देश 1.3 खरब डॉलर की कर रहे मांग प्रसिद्ध जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग ने भी जलवायु वित्त पर तैयार किए गए मसौदे की आलोचना की और इसे जलवायु संकट के प्रति पहले से ही संवेदनशील लाखों लोगों के लिए 'मृत्युदंड' कहा

प्रसिद्ध जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग ने भी जलवायु वित्त पर तैयार किए गए मसौदे की आलोचना की और इसे जलवायु संकट के प्रति पहले से ही संवेदनशील लाखों लोगों के लिए 'मृत्युदंड' कहा। बाकू में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में, देशों को विकासशील देशों को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती करने और गर्म होती दुनिया के अनुकूल होने में मदद करने के लिए एक नए जलवायु वित्त पैकेज पर मंथन हो रहा है। शिखर सम्मेलन शुक्रवार को समाप्त होने वाला था, लेकिन विकसित देशों द्वारा 250 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि की पेशकश की है, लेकिन यह बढ़ती जलवायु आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक खरबों डॉलर से बहुत कम है।

# मस्क का सुझाव नजरअंदाज कर ट्रंप ने बेसेंट को चुना वित्त मंत्री

**वॉशिंगटन ।** डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के अगले राष्ट्रपति के रूप में अगले साल जनवरी में शपथ लेंगे। इससे पहले वह लगातार अपने मंत्रियों और अधिकारियों का चयन कर रहे हैं। अब उन्होंने श्रम विभाग का नेतृत्व करने के लिए रिपब्लिकन पार्टी की अमेरिकी प्रतिनिधि लोरी चावेज-डेरेमर को चुना है। वहीं, डॉक्टर जेनेट नेशेवात को सर्जन जनरल और जॉर्ज सोरोस के पूर्व मनी मैनेजर स्कॉट बेसेंट को वित्त मंत्री का नेतृत्व करने के लिए नामित करेंगे। एलन मस्क का सुझाव किया नजरअंदाज बता दें, एलन मस्क ने वित्त मंत्री के रूप में हावर्ड लुटनिक का नाम सुझाया था। मगर इसके उलट ट्रंप ने खुद की पसंद के उम्मीदवार को नियुक्त किया है।



# लोकदल ने दी नवनिर्वाचित विधायक संजीव शर्मा को शुभकामनाएं






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद सदर सीट से नवनिर्वाचित विधायक संजीव शर्मा को प्रचंड जीत की बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं। निश्चित ही आपकी कार्यशैली आपको प्रगति मार्ग पर अग्रसर करती रहेगी और आप एक बेहतरीन विधायक साबित होंगे और जनमानस की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। ये जीत सिद्ध करती है कि अगर कोई कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और लगन से कार्य करे तो वह भी विधायक बन सकता है।ये जीत प्रेरणा है उन लाखों कार्यकताओं के लिए जो दिन रात मेहनत करते है अपनी पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए।ये जीत समर्पित है उन करोड़ों कार्यकताओं को जिन्होंने दिन रात एक कर दी इतनी प्रचंड जीत दिलाने के लिए। राष्ट्रीय लोकदल और बीजेपी के सभी देवतुल्य कार्यकताओं का हार्दिक आभार।

# केजरीवाल ने जीत को दिल्ली चुनाव से पहले का बताया सेमीफाइनल, बोले जनता को पसंद आया काम



**दिल्ली।** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश में दिल्ली का मॉडल ऑफ गवर्नेंस स्थापित किया। पंजाब के परिणाम को दिल्ली चुनाव का सेमीफाइनल बताया है। उन्होंने कहा कि जनता ने बता दिया कि आप अच्छा काम कर रही है। पंजाब विधानसभा उपचुनाव के नतीजों ने आम आदमी पार्टी में जोश और उत्साह भर दिया है। पंजाब में चार में तीन सीट पर आम आदमी पार्टी (आप) जीत गई है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के परिणाम को दिल्ली चुनाव का सेमीफाइनल बताया है। साथ ही, यह परिणाम 2027 में होने वाले पंजाब चुनाव का भी सेमीफाइनल था। उन्होंने कहा कि जनता ने बता दिया कि आप अच्छा काम कर रही है। इसके साथ अब पंजाब में आप की 95 सीटें हो गई हैं। ऐसे में आगामी दिल्ली विधानसभा को लेकर आप ने अपनी तैयारियों को और धार देनी शुरू कर दी है। केजरीवाल ने सभी नेताओं और कार्यकताओं को जीत की बधाई दी है। उन्होंने दिल्ली मॉडल ऑफ गवर्नेंस की चर्चा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली मॉडल अब देश में स्थापित हो चुका है। पहली बार दिल्ली के लोगों ने 2013 में 49 दिन की आप सरकार बनाई थी। उन 49 दिन की सरकार में देश को दिल्ली मॉडल ऑफ गवर्नेंस की एक झलक दी थी। इसमें बिजली सस्ती, मुफ्त पानी दिया। उसको देखकर एक साल बाद 2015 में जनता ने 70 में से 67 सीट दी थी।

उन्होंने कहा कि पंजाब में 2022 में आप की ऐतिहासिक जीत हुई। 117 में 92 सीट जनता ने दी। ऐसे में काम की राजनीति पर दूसरी बार पंजाब के लोगों ने मोहर लगाई है। इस दौरान सांसद राघव चड्ढा, पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन, पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा और विधायक जरनैल सिंह समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

### लोगों ने बच्चों को निजी स्कूलों में भेजना बंद कर दिया है: केजरीवाल

केजरीवाल ने आगे कहा कि मॉडल ऑफ गवर्नेंस है कि आम आदमी की दिन पर दिन की सहूलियत, आम आदमी की जिंदगी को कैसे बेहतर किया जाए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि अभी तक इस देश के अंदर 70 साल में दूसरी पार्टियां इस बारे में बात ही नहीं करती थीं। जनता की सहूलियत, बिजली, पानी, सड़क, इनकी बात ही नहीं करती थी। आप ने बच्चों के लिए शानदार स्कूल बना दिए। अब अपने बच्चों को दिल्ली में निजी स्कूलों में भेजना बंद कर दिया है।

### इंफ्रास्ट्रक्चर को बनाया शानदार: केजरीवाल

कार्यकताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर को भी शानदार बनाया है। पहले दिल्ली मेट्रो 200 किलोमीटर की लाइन बनी थी। दिल्ली सरकार ने 9 साल में 450 किलोमीटर की लाइन बना दी है। पहले दिल्ली में 65 साल में 62 फ्लाईओवर बने थे। लेकिन, 9 साल में 38 नए फ्लाईओवर बना दिए हैं। 10 हजार किलोमीटर की नई सड़कें बनी हैं। 6800 किलोमीटर की सीवर पाइपलाइन, पानी की पाइपलाइन, नालियां डली हैं। पूरे दिल्ली के अंदर सीसीटीवी कैमरे और स्ट्रीट लाइट्स लगाई। उन्होंने कहा कि जो लोग अब तक जनता को देने वाली सुविधाओं को फ्री की रेवड़ी कहा करते थे। वे यही रेवड़ी अब हर राज्य में देने के लिए कह रहे हैं।

### हमारा झाडू सफाई करता रहेगा: भगवंत मान

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि हमारा झाडू सफाई करता रहेगा। पंजाब में जीतकर आए हैं और आगे भी जीतेंगे। अब अगली बारी दिल्ली की है। आप के राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि पंजाब की जनता ने बता दिया कि वह आप के कार्यों से खुश हैं। जनता ने केजरीवाल की काम की राजनीति पर मुहर लगा दी है।

# नोएडा में 25 नवंबर तक ऑनलाइन क्लास:डीएम ने जारी किए आदेश



**नोएडा।** नोएडा में अब भी प्रदूषण का स्तर गंभीर है। यहां ग्रैप-4 लागू है। इसे देखते हुए डीएम ने अपने आदेश को 25 नवंबर तक बढ़ा दिया है। इसके तहत किसी भी बोर्ड के स्कूल में चलने वाली 12वीं तक की कक्षाएं फिजिकल नहीं चलेंगी। 25 नवंबर तक सभी कक्षाएं ऑनलाइन ही चलाई जाएंगी। पहले ये आदेश 23 नवंबर तक था। इसे बढ़ा दिया गया है। डीएम ने आदेश पत्र में साफ है अब भी नोएडा का एक्यूआई 450 के आसपास बना हुआ है। ऐसे में बच्चों के सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। इसलिए किसी भी बोर्ड से संबंधित स्कूल फिजिकल क्लास नहीं चलाएंगे। हालांकि नोएडा में स्मॉग कम हो रहा है। जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिली है। वहीं प्राधिकरण की ओर से भी अब 60 की बजाय 100 से ज्यादा स्प्रिंकल ट्रक लगाए गए है। इसके अलावा स्मॉग गन और लगातार जॉइंट टीम द्वारा दिन और रात में निरीक्षण किया जा रहा है। ताकि प्रदूषण के स्तर को कम किया जा सके। वही अपील की जा रही है कि बाहर निकलते समय मुंह पर मास्क लगाए। साथ ही धूप निकलने के बाद ही मॉर्निंग वॉक पर जाए। ताकि सेहत पर स्मॉग व धूल का असर न हो।

# सीएम के काम पर लगी मुहर, दो सीटों पर सिमटी सपा, कहीं 31 तो कहीं 33 साल बाद जीती भाजपा




**लखनऊ।** यूपी के विधानसभा उपचुनाव में सीएम योगी आदित्यनाथ के काम पर मतदाताओं ने पक्की मुहर लगा दी। भाजपा गठबंधन के खाते में 7 सीटें गईं, जबकि सपा दो सीटों पर सिमट कर रह गई। मुस्लिम बहुल कुंदरकी सीट भी भाजपा ने सपा से छीन ली। इस सीट के परिणामों को सबसे बड़ा उलटफेर माना जा रहा है। वर्ष 2022 के चुनाव के मुकाबले भाजपा गठबंधन को तीन सीटों का फायदा हुआ, जबकि इंडिया गठबंधन को इतना ही नुकसान। राष्ट्रीय लोकदल अपनी मीरापुर सीट बचाने में कामयाब रहा। बसपा का प्रदर्शन बेदम रहा। वह चार सीटों पर दस हजार वोट से नीचे सिमट गईं। वहीं, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने मीरापुर और कुंदरकी में अपनी ठीकठाक उपस्थिति दर्ज कराई। मीरापुर सीट राष्ट्रीय लोकदल की प्रत्याशी मिथिलेश पाल ने 30796 मतों से जीती। दूसरे नंबर पर समाजवादी पार्टी की सुम्बुल राणा रहीं। पिछली बार रालोद ने सपा गठबंधन के साथ यहां जीत दर्ज की थी और इस बार बतौर भाजपा गठबंधन प्रत्याशी उसे जीत मिली। सबसे ज्यादा चौंकाने वाला परिणाम कुंदरकी में रहा, जहां 65 फीसदी मुस्लिम मतदाता होने के बावजूद सपा प्रत्याशी मो. रिजवान की जमानत जब्त हो गई। यहां भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह 1.45 लाख मतों से जीते। रामवीर सिंह को 76.68 प्रतिशत मत मिले। गाजियाबाद में भाजपा के संजीव शर्मा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सपा के सिंह राज जाटव को 27595 मतों से हराया। खैर सीट पर भाजपा के सुरेंद्र दिलेर ने सपा की चारू कैन को 38393 मतों से शिकस्त दी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के सांसद बनने से रिक्त हुई करहल सीट पर जीत-हार का अंतर काफी कम रहा। यहां सपा के तेज प्रताप सिंह ने भाजपा के अनुजेश प्रताप सिंह को 14725 मतों से हराया। जबकि, करहल में वर्ष 2022 का चुनाव अखिलेश यादव ने 67 हजार से ज्यादा मतों के अंतर से जीता था।

### सीसामऊ के हाथों आई सफलता

सीसामऊ में सपा उम्मीदवार नसीम सोलंकी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के सुरेश अवस्थी को 8564 मतों से हराया। करहल के बाद अपनी सीसामऊ सीट ही सपा बचाने में सफल रही। फूलपुर सीट एक बार फिर भाजपा के खाते में आई। भाजपा के दीपक पटेल ने सपा के मो. मुज्तबा सिद्दीकी को 11305 मतों से पराजित किया। कटेहरी सीट, भाजपा ने सपा से छीन ली। भाजपा के धर्मराज निषाद ने समाजवादी पार्टी की शोभावती वर्मा पर 34514 मतों से जीत हासिल की। शोभावती वर्मा, सपा सांसद व पूर्व मंत्री लालजी वर्मा की पत्नी हैं।

### 31 साल के बाद जीती भाजपा

लगातार तीन चुनाव जीतने के बाद उपचुनाव में कुंदरकी विधानसभा सीट पर सपा का वर्चस्व टूट गया। सपा के गढ़ में भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह ने मुस्लिम मतों में सेंध लगाकर 31 साल बाद कमल खिला दिया। रामवीर सिंह ने तीन बार के विधायक सपा प्रत्याशी हाजी रिजवान को 1,44,791 मतों के बड़े अंतर से हराया। सभी को चौंकाते हुए चंद्रशेखर की आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) बसपा को पछाड़कर तीसरे स्थान पर रही। जियाउर्रहमान बर्क के सांसद बनने के बाद उनके इस्तीफे से खाली हुई कुंदरकी विधानसभा सीट पर 20 नवंबर को मतदान हुआ था।

### 33 साल बाद मिली जीत

वोटों की झमाझम बारिश के बीच कटेहरी में 33 वर्ष बाद कमल आखिर खिल ही गया। इससे पहले वर्ष 1991 में इस सीट पर बीजेपी के अनिल तिवारी जीते थे। इसके बाद से पार्टी ने यहां कई प्रयोग किए लेकिन जीत दर्ज करने में सफलता नहीं मिल पाई। जिन धर्मराज के हाथों यहां पार्टी कई बार पराजित हुई। अब उन्हीं को प्रत्याशी बनाने पर पार्टी यहां हार का सिलसिला तोड़ पाने में सफल हुई। कटेहरी में भाजपा को तीन दशक से भी अधिक समय से जीत का इंतजार बना था। यूं तो यही हाल अकबरपुर विधानसभा सीट का भी है। लेकिन कटेहरी को सवर्ण दबदबे वाली सीट माना जाता है। इसके बाद भी यहां चुनाव दर चुनाव भाजपा के हिस्से हार आती रही। वर्ष 1991 में जब अकबरपुर से शिवसेना से पवन पांडेय विजयी होकर विधायक बने थे तो उसी चुनाव में कटेहरी से अनिल तिवारी जीत दर्ज करने में सफल रहे थे। उन्होंने बीएसपी के रामदेव वर्मा को करीब सात हजार मतों से हराया था।

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर पासपोर्ट बनवाने वाले गिरोह का पदार्फाश

## नोएडा पुलिस ने सात लोगों को किया गिरफ्तार, वेरिफिकेशन के दौरान हुआ खुलासा





**नोएडा,करंट क्राइम।** सेंट्रल नोएडा की थाना बिसरख पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के साथ बिना पुलिस वेरिफिकेशन के पासपोर्ट बनाकर विदेश भेजने वाले गिरोह का पदार्फाश कर दिया है। पुलिस ने इस गिरोह के 7 लोगों को गिरफ्तार कर दिया है। इस गिरोह के लोग फर्जी नोटरी, फर्जी रेंट एग्रीमेंट, फर्जी दस्तावेजो से बने बैंक अकाउंट व इन सभी फर्जी दस्तावेजों से बिना पुलिस वेरीफिकेशन के पासपोर्ट बनाकर पैसे लेकर लोगों को विदेश भेज देते थे।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया दो लोगों के पासपोर्ट के लिए आवेदन प्राप्त हुए थे। जब पासपोर्ट की वेरिफिकेशन की गई, तब पता चला कि उस पता पर उस नाम का कोई भी व्यक्ति नहीं रह रहा था और इसी से इस पूरे मामले का खुलासा हो गया। इसके बाद पता चला कि महागुन मार्ट में सचिन जौहरी नाम के व्यक्ति की कान्हा किड्स जंक्शन/जनसेवा केन्द्र के नाम से शॉप है, जो पासपोर्ट बनवाने का काम करता है। उसी दौरान खुलासा हुआ कि जिन लोगों ने आवेदन किया था, वह लोग क्यू नेट/नेटवर्क मार्केटिंग होंगकांग स्थित कम्पनी में सेल्स प्रमोटर के पद पर कार्य करते हैं। उन लोगों को कम्पनी के इवेन्ट में दुबई जाना था, जिसके लिए उन्हें तत्काल पासपोर्ट की आवश्यकता थी। उन लोगों का मूल पता अंडमान निकोबार द्वीप समूह है, जिस पर पासपोर्ट बनने में काफी कठनाई होती। इसी को लेकर उन्हें पता चला कि सचिन जौहरी नाम का व्यक्ति पासपोर्ट बना सकता है और इसके लिए वह खुद ही फर्जी रेंट एग्रीमेंट व अन्य फर्जी दस्तावेज तैयार करता है और उसकी पासपोर्ट ऑफिस में भी सेटिंग है, जहां पर वह एक व्यक्ति से संपर्क करके तत्काल पासपोर्ट बनवा देता है।

डीसीपी ने बताया कि इस काम के लिए सचिन जौहरी ने उन लोगो से 15000-15000 रुपए लिए। सचिन जौहरी की मदद पासपोर्ट बनवाने में सन्दीप नाम का व्यक्ति करता है, जो गाजियाबाद स्थित पासपोर्ट कार्यालय के पास रहता है, जो पासपोर्ट जारी कराने के लिए, नजदीकी तारीख देने के लिए, बिना पुलिस वेरीफिकेशन के पासपोर्ट जारी कराने, पासपोर्ट रिजेक्ट न होने के लिए सचिन जौहरी से प्रति पासपोर्ट 3-4 हजार रुपए लेता है और सन्दीप कुमार पासपोर्ट कार्यालय के स्टाफ से सांठगांठ करके 1 हजार से 1,500 रुपए प्रति पासपोर्ट, कार्यालय स्टाप को देता था।

# महाराष्ट्र की जीत विकास की राजनीति की विजय है : प्रकाश जावड़ेकर



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणाम शनिवार को आए। वहां 'महायुति' की सरकार को एक बार फिर जनता ने बहुमत दिया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रकाश जावड़ेकर ने आईएएनएस से बात की और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव सहित कई मुद्दों पर प्रतिक्रिया दी। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणाम पर कहा है कि यह विकास की राजनीति की विजय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर लोगों का विश्वास है। महाराष्ट्र की जनता ने दोनों सरकारों के कामकाजों को देखा है। उद्धव ठाकरे के शासन में सारे विकास के कार्य ठप हो गए थे। अब जनकल्याण और विकास पूरा हुआ है। आज महिला से लेकर छात्र-छात्राएं, किसान और समाज के हर तबके का समुचित विकास हो रहा है। यह विकास की राजनीति की विजय है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ऐसे मतदाता भी घर से बाहर निकले जो लोकसभा चुनाव के दौरान घर से बाहर नहीं निकल पाए थे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा है कि राजनीति रोज नई पद्धति से तैयार होती है। गरीबों के लिए काम करना होता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीबों का काम हुआ है, इसलिए देश में मोदी सरकार है। 'पीएम किसान सम्मान निधि योजना' के तहत किसानों को छह हजार रुपये सालाना दिया जा रहा है। समाज की जो भी दिक्कत है, हम लोगों ने उसे सुलझाने का प्रयास किया है। महाराष्ट्र में कांग्रेस ईवीएम पर सवाल उठा रही है। इस पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि कांग्रेस का काम सवाल उठाना ही है। कांग्रेस की तीन राज्यों में सरकार है। जहां गठबंधन के साथ सरकार है, वहां पर क्या ईवीएम ठीक रहती है। जहां चुनाव हार जाते हैं वहां ईवीएम खराब हो जाती है। वायनाड लोकसभा सीट पर आए परिणाम पर उन्होंने कहा है कि हमने इस सीट पर लड़ाई लड़ी है। हम यहां पर काम कर रहे हैं। मैं समझता हूं कि केरल में आगामी विधानसभा चुनाव में अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे।

# भाजपा जिला महामंत्री की फैक्ट्री में चोरी

## हापुड़ में लाखों का माल ले गए चोर, सीसीटीवी कैमरे को तोड़ा



**हापुड़, करंट क्राइम।** हापुड़ के थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में गढ़ रोड पर ततारपुर के पास भाजपा जिला महामंत्री की प्लाईबोर्ड की फैक्ट्री में चोरों ने धावा बोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर वहां से लगभग 3 लाख रुपए का माल चोरी कर ले गए। चोर सीसीटीवी कैमरे तोड़कर डीवीआर भी ले गए। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बंद पड़ी थी फैक्ट्री

**करंट क्राइम।** जानकारी के अनुसार माता मोहल्ला निवासी भाजपा के जिला महामंत्री पुनीत गोयल की थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में ततारपुर के पास प्लाईबोर्ड की फैक्ट्री है। पिछले कुछ दिनों से फैक्ट्री बंद थी। बताया गया कि शुक्रवार रात को चोरों ने फैक्ट्री का ताला तोड़कर एलईडी, इन्वर्टर बैट्री और अन्य सामान चोरी कर ले गए। चोरों ने फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और डीवीआर भी साथ ले गए।

### सीओ बोले-जल्द होगा घटना का खुलासा

**करंट क्राइम।** शनिवार सुबह को भाजपा के जिला महामंत्री पुनीत गोयल को चोरी की बारे में जानकारी हो सकी। जिस पर वह मौके पर पहुंच गए। आसपास के लोग भी मौके पर एकत्र हो गए। जानकारी करने पर कुछ पता नहीं चल सका। चोरी की वारदात की सूचना मिलने पर थाना हापुड़ देहात पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# हापुड़ एसपी ने पुलिस लाइन में ध्वजारोहण कर मनाया पुलिस झंडा दिवस

## बोले: हमें जोश व उत्साह के साथ करना चाहिए कर्तव्यों का पालन



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में शनिवार को पुलिस लाइन में पुलिस झंडा दिवस मनाया गया। पुलिस लाइंस के साथ-साथ जनपद के सभी थानों में पुलिस ने ध्वजारोहण किया। इसके साथ ही ध्वज के प्रतीक को वर्दी पर धारण कर गर्व का अनुभव किया गया। इसके साथ ही मौजूद सभी अधिकारी/ कर्मचारियों को प्रदेश के पुलिस महानिदेशक का संदेश पढ़कर सुनाया। कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानजय सिंह ने पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्ड पर ध्वजारोहण किया। पुलिस अधीक्षक केजी सिंह ने बताया कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा 23 नवंबर 1952 को सत्य और निष्ठा के प्रतीक लाल और नीले रंग का ध्वज प्रदान किया था। इसके उपलक्ष्य में 23 नवंबर को पुलिस झंडा दिवस मनाया जाता है।

एसपी ने कहा कि ध्वज हमारे गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है। यह हमें जोश व उत्साह के साथ कर्तव्य पालन के लिए प्रेरित करता है। वहीं पुलिस कार्यालय पर एएसपी विनीत भटनागर ने ध्वजारोहण किया। वहीं पुलिस कर्मियों को जनसेवा का संकल्प दिलाया गया। उधर जनपद के सभी थानों में भी पुलिस ध्वज फहराया गया।

# झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजों पर राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया दी, 'यह जीत संविधान और जल-जंगल-जमीन की रक्षा की है'



**नई दिल्ली।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के नतीजे आज घोषित हो गए हैं। झारखंड चुनाव में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन किया है। झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजों पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया दी। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, झारखंड के लोगों का इंडिया गठबंधन को विशाल जनादेश देने के लिए दिल से धन्यवाद। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कांग्रेस और झामुमो के सभी कार्यकताओं को इस विजय के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में गठबंधन की यह जीत संविधान के साथ जल-जंगल-जमीन की रक्षा की जीत है। महाराष्ट्र के नतीजे अप्रत्याशित हैं और इनका हम विस्तार से विश्लेषण करेंगे। प्रदेश के सभी मतदाता भाई-बहनों को उनके समर्थन और सभी कार्यकताओं को उनकी मेहनत के लिए धन्यवाद। बता दें कि इंडिया गठबंधन के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने 34 सीटों पर जीत हासिल की है। जबकि कांग्रेस को 16, राजद को 4, भाकपा (माले) लिबरेशन को 2 सीटों पर जीत मिली है। इस तरह इंडिया गठबंधन को राज्य की 81 विधानसभा सीटों में से 56 सीटों पर जीत मिली है। हालांकि, झारखंड में भाजपा केवल 21 सीटें जीतने में कामयाब रही है। एनडीए गठबंधन के लिए भाजपा ने 21, आजसू, जेडीयू और लोजपा रामविलास ने एक-एक सीट पर जीत दर्ज की है। इस तरह राज्य में एनडीए को 24 सीटें मिली हैं।

# जायसवाल और केएल राहुल के नाबाद अर्धशतक, भारत को 218 रन की बढ़त



**पर्थ, 23 नवंबर।** कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह (30 रन पर 5 विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी तथा यशस्वी जायसवाल (नाबाद 90) और केएल राहुल (नाबाद 62) के शानदार अर्धशतकों से भारत ने अपनी दूसरी पारी में बिना कोई विकेट खोए 172 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को कुल 218 रनों की बढ़त बना ली।

भारत ने पहली पारी में 46 रन की बढ़त हासिल की थी। सुबह ऑस्ट्रेलिया को 104 रन पर समेटने के बाद भारतीय ओपनर्स ने ठोस बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को विकेट लेने से दूर रखा। जायसवाल ने 193 गेंदों पर 90 रन में 7 चौके और 2 छक्के लगाए हैं, जबकि राहुल ने 153 गेंदों पर 62 रन में 4 चौके लगाए हैं। दोनों बल्लेबाजों ने काफी सतर्कता के साथ बल्लेबाजी की और 3.01 के रन रेट से रन बनाए।

दोनों ने 57 ओवर में 172 रन की अविजित साझेदारी कर डाली है। पहली पारी में जायसवाल शून्य और राहुल 26 रन बनाकर आउट हुए थे। लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने साहस और जज्बे की मिसाल पेश की। भारत ने कल दिन के आखिरी सत्र और दूसरे दिन सभी तीनों सत्रों में अपना दबदबा बनाया और अपनी स्थिति को मजबूत किया। भारत का लक्ष्य अब तीसरे दिन अपनी बढ़त को और मजबूत करना होगा।

इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने कल के सात विकेट पर 67 रन से आगे खेलना शुरू किया। ऑस्ट्रेलिया ने दो विकेट जल्दी ही गंवा दिए और उसका स्कोर नौ विकेट पर 79 रन हो गया। बुमराह ने एलेक्स कैरी को विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। कैरी ने 21 रन बनाये। बुमराह का यह पांचवां विकेट था। उन्होंने कल चार विकेट लिए थे। बुमराह ने 11वीं बार अपने टेस्ट करियर में एक पारी में 5 विकेट हासिल किए।

हर्षित राणा ने नाथन लियोन को स्लिप में केएल राहुल के हाथों कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया का नौवां विकेट झटका। लेकिन इसके बाद मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड ने आखिरी विकेट के लिए 25 रन की साझेदारी कर मेजबान टीम को 100 के पार पहुंचाया। राणा ने स्टार्क को पंत के हाथों लपकवा कर ऑस्ट्रेलिया की पारी 104 रनों पर समेट दी। स्टार्क ने 112 गेंदों पर उपयोगी 26 रन बनाया जो उनकी टीम की तरफ से सर्वाधिक स्कोर रहा। हेजलवुड सात रन पर नाबाद रहे। भारत की तरफ से बुमराह ने 18 ओवर में 30 रन देकर पांच विकेट झटके जबकि मोहम्मद सिराज को 20 रन पर दो विकेट और राणा को 48 रन पर तीन विकेट मिले।

# आईपीएल नीलामी: पंत, राहुल अय्यर पर रहेंगी नजरें



**नई दिल्ली।** क्रिकेट जगत के सबसे बड़े आयोजनों में से एक - इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेगा नीलामी - शनिवार को सऊदी अरब के जेद्दा में होगी। मैदान के बाहर की रणनीति और कड़ी खोजबीन के महीनों बाद, यह सब विशुद्ध रूप से व्यवसायिक होगा क्योंकि 10 फ्रेंचाइजी 2025 सत्र और उसके बाद के लिए सर्वश्रेष्ठ संभावित टीम की तलाश करेंगी।

कुल मिलाकर, 367 भारतीय और 210 विदेशी सहित 577 खिलाड़ी आगामी सत्र के लिए उपलब्ध अधिकतम 204 स्लॉट (70 विदेशी) को भरने के लिए अपनी किस्मत आजमाएंगे। भारतीय खिलाड़ियों में से 48 कैप्ड हैं और बाकी अनकैप्ड पेशेवर हैं, जबकि 197 कैप्ड विदेशी और 12 अनकैप्ड विदेशी खिलाड़ी दांव पर होंगे। इस साल, एसोसिएट देशों के तीन खिलाड़ी भी अपनी किस्मत आजमाएंगे।

नीलामी की कार्यवाही भारतीय सितारों ऋषभ पंत, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर जैसे मार्की खिलाड़ियों के पहले सेट के साथ शुरू होगी - इन तीनों ने पिछले सीजन में अपनी-अपनी टीमों का नेतृत्व किया था, लेकिन उन्हें अपने संबंधित फ्रैंचाइजी द्वारा रिटेन नहीं किया गया था - जिनका आधार मूल्य 2 करोड़ रुपये है। यह अनुमान लगाया जा रहा है कि पंत टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ियों में से एक हो सकते हैं, क्योंकि दिल्ली कैपिटल्स को राइट-टू-मैच कार्ड (आरटीएम) का उपयोग करने का लाभ मिलेगा।

मार्की खिलाड़ियों के अन्य सेट में युजवेंद्र चहल, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज शामिल हैं। वहीं, आईपीएल नीलामी में अब तक की सबसे ऊंची बोली पाने वाले मिशेल स्टार्क, जोस बटलर, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मिलर और कैगिसो रबाडा मार्की सूचियों के दो सेटों में पांच विदेशी खिलाड़ी हैं।

# मुश्ताक अली ट्रॉफी: तिलक वर्मा लगातार तीसरा टी20 शतक बनाने वाले पहले क्रिकेटर बने



**राजकोट।** भारत के युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा ने शनिवार को रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया, वे लगातार तीन टी20 शतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। हैदराबाद के 22 वर्षीय कप्तान ने सौराष्ट्र क्रिकेट स्टेडियम सी में मेघालय के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के पहले मैच में यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जहां उन्होंने सिर्फ 67 गेंदों पर नाबाद 151 रन बनाए - जो किसी भारतीय पुरुष क्रिकेटर द्वारा टी20 में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है।

तिलक की धमाकेदार पारी में 14 चौके और 10 गगनचुंबी छक्के शामिल थे, जिससे उन्होंने हैदराबाद को एक मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। उनकी पारी ने श्रेयस अय्यर के 147 रन के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जो किसी भारतीय द्वारा टी20 में सर्वश्रेष्ठ स्कोर था।

तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए तिलक ने 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और शतक बनाने के लिए उन्हें केवल 51 गेंदों का सामना करना पड़ा। यह शतक महज 10 दिनों में तीसरी बार है जब उन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में तीन अंकों का आंकड़ा पार किया। तिलक की शानदार फॉर्म भारत के हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के टी20 दौरे से शुरू हुई, जहां उन्होंने सेंचुरियन और जोहान्सबर्ग में लगातार दो शतक जड़कर भारत को 3-1 से सीरीज में जीत दिलाई।

ऐसा करके, वह संजू सैमसन के बाद लगातार टी20 शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए। इस नवीनतम उपलब्धि के साथ, तिलक के टी20 करियर की कुल संख्या अब 90 पारियों में 2950 से अधिक रन हो गई है, जिसमें चार शतक शामिल हैं। उनके प्रदर्शन की खासियत यह रही है कि वे पारी को संभालने के साथ-साथ अपनी इच्छानुसार तेजी से रन बनाते हैं, जिससे वे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों ही सेटअप में अहम खिलाड़ी बन गए हैं। फ्रेंचाइजी क्रिकेट में तिलक के कारनामे किसी की नजर से नहीं छूटे हैं।

# यूपी योद्धा के कोच उपेंद्र मलिक ने कहा थलाइवाज पर जीत हमारी असली क्षमता को दर्शाती है



**नोएडा।** यूपी योद्धा ने शुक्रवार को नोएडा इंडोर स्टेडियम में तमिल थलाइवाज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। यह एक बेहतरीन टीम प्रदर्शन था। भवानी राजपूत के बेहतरीन सुपर 10 और हितेश के शानदार डिफेंसिव प्रदर्शन ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

हितेश को हाई 5 अंक मिले। रेडर और डिफेंडर दोनों ने मिलकर ऐसी रणनीति बनाई जिससे तमिल थलाइवाज को मौके बनाने का मौका ही नहीं मिला।

सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने टीम के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उनकी असली क्षमता है।

उन्होंने कहा, ₹यह जीत हमारी असली क्षमता को दर्शाती है। भवानी असाधारण थे, उन्होंने न केवल टीम के लिए महत्वपूर्ण अंक बनाए बल्कि उनकी ऊर्जा और आत्मविश्वास ने भी मैट पर मौजूद सभी खिलाड़ियों को प्रेरित किया। उन्होंने पूरी टीम में विश्वास और दृढ़ संकल्प की भावना भर दी। हमारा डिफेंस, खास तौर पर पहले हाफ में मजबूत था और उसने हमें मैच पर नियंत्रण में रखा। निर्णायक मोड़ तब आया जब केशव ने वे दो महत्वपूर्ण अंक हासिल किए। उस पल ने हमें अपनी बढ़त बढ़ाने में मदद की और वहां से हमने अपना धैर्य बनाए रखा और अपनी रणनीति को पूरी तरह से लागू किया।

डिफेंस जो टीम की सफलता का आधार था, उसका नेतृत्व कप्तान सुमित ने किया जिन्होंने पूरे मैच में रक्षात्मक संरचना को मजबूत करने और बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई।

जीत के बाद बोलते हुए सुमित ने टीम के सामूहिक प्रयास पर विचार किया, ₹हमारे डिफेंस ने शुरूआत से ही लय तय की और पूरे खेल में तीव्र बने रहे।

हम अपनी रक्षात्मक रणनीतियों पर काम कर रहे हैं और यह फलदायी है। आज हमने जो गेम दिखाया, वह पिछले कुछ मैचों में निरंतर सुधार का परिणाम है। हम गति बना रहे हैं, और यह जीत हमें आगे बढ़ने का आत्मविश्वास देती है।

# चोटिल हीली के भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर होने के बाद मैकग्रा को ऑस्ट्रेलिया की कप्तान बनाया गया



**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर ताहलिया मैकग्रा को भारत के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की कप्तान बनाया गया है, क्योंकि नियमित कप्तान एलिसा हीली घुटने की चोट के कारण बाहर हो गई हैं।

एलिसा की अनुपस्थिति में, बल्लेबाज जॉर्जिया वोल को ऑस्ट्रेलियाई टीम में पहली बार शामिल किया गया है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा कि जॉर्जिया की जगह न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में एलिसा ऑस्ट्रेलिया के लिए वापसी कर सकती हैं।

**भारत के खिलाफ सीरीज के लिए, ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर ताहलिया की डिप्टी होंगी, जबकि बेथ मूनी कीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगी। पिछले हफ्ते, एलिसा घुटने की चोट के कारण डब्ल्यूबीबीएल सीजन दस के शेष मैचों से बाहर हो गई थीं, जो अक्टूबर में महिला टी20 विश्व कप में उनके पैर की चोट के बाद आई थी**

भारत के खिलाफ सीरीज के लिए, ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर ताहलिया की डिप्टी होंगी, जबकि बेथ मूनी कीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगी। पिछले हफ्ते, एलिसा घुटने की चोट के कारण डब्ल्यूबीबीएल सीजन दस के शेष मैचों से बाहर हो गई थीं, जो अक्टूबर में महिला टी20 विश्व कप में उनके पैर की चोट के बाद आई थी।

एलिसा की अनुपस्थिति में, जॉर्जिया अब भारत के खिलाफ वनडे में फोबे लिचफील्ड के साथ बल्लेबाजी की शुरूआत करने के लिए तैयार है।

जॉर्जिया ने बल्ले से गर्मियों की शानदार शुरूआत की है और वर्तमान में डब्ल्यूबीबीएल और महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग में शीर्ष तीन रन स्कोरर में शामिल है।

# बाइक्स के शौकीन जॉन अब्राहम अब करेंगे व्यापार, बताया पूरा प्लान

**मुंबई।** जाने-माने खेल प्रेमी जॉन अब्राहम स्पोर्ट्स मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में उतरने की तैयारी में हैं।

कोयंबटूर में इंडियन रेसिंग फेस्टिवल 2024 में आईएएनएस के साथ विशेष बातचीत में जॉन ने मोटरस्पोर्ट्स के प्रति अपने जुनून, अपनी टीम गोवा एसेस, भारत में इस खेल के भविष्य, अपनी मैन्युफैक्चरिंग योजनाओं के साथ अन्य चीजों पर चर्चा की।



जब उनसे पूछा गया कि वे मोटर स्पोर्ट्स और इंडियन रेसिंग फेस्टिवल से कैसे जुड़े, तो जॉन ने खुलासा किया, "आरपीपीएल (रेसिंग प्रमोशन प्राइवेट लिमिटेड) के मालिक अखिल रेड्डी ने मुझसे संपर्क किया और मुझसे इसके बारे में बात की। मुझे फॉमूर्ला-4 का प्रचार करना बहुत पसंद है। मुझे यह अवधारणा बहुत पसंद आई और मैं इसका हिस्सा बनकर खुश हूं।"

जॉन ने भारत में मोटर स्पोर्ट्स के भविष्य पर प्रकाश डालते हुए कहा, ₹मुझे लगता है कि मोटर स्पोर्ट्स में भारत को अभी बहुत आगे जाना है। हमें इसे और अधिक लोकप्रिय बनाने की आवश्यकता है। यदि आप इसे लाइव नहीं देखते हैं, तो आप इसे नहीं समझ पाएंगे। यह एक सुंदर खेल है। हर ट्रैक का एक 'रन-ऑफ एरिया' होता है। मोटर स्पोर्ट्स हमारी सार्वजनिक सड़कों की तरह खतरनाक नहीं हैं। सुरक्षित वातावरण में भाग लेना बहुत अच्छा है। जो माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे मोटर स्पोर्ट्स में भाग लें, उन्हें ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

इसके अलावा, उन्होंने हेलमेट बनाने के अपने नए बिजनेस का भी जिक्र किया। इस बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा, ₹अभी मैं फिल्मों और खेलों पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। मैं हेलमेट निर्माण के बारे में भी सोच रहा हूं।

# बुमराह ने पर्थ में खोला पंजा, तोड़ा कपिल देव का रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शनिवार को इतिहास रच दिया। उन्होंने सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में सातवीं बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया, और इस तरह से वे महान कपिल देव के साथ इन देशों में किसी भारतीय गेंदबाज के सबसे अधिक पांच विकेट लेने के मामले में बराबरी पर आ गए।

बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट के दौरान सेना परिस्थितियों में भारत के सर्वकालिक महान गेंदबाज के रूप में अपनी विरासत में एक और उपलब्धि जोड़ ली। ऐतिहासिक रूप से सेना देशों में भारत का रिकॉर्ड कमजोर रहा है और 2000 के दशक में टीम ने रिकॉर्ड में सुधार किया है।

कपिल देव के बाद जसप्रीत बुमराह भारत के दूसरे तेज गेंदबाज हैं, जिन्होंने सेना देशों में सबसे ज्यादा 7 बार 5 प्लस विकेट लिए हैं।

एक तरह इस मामले में जहां बुमराह ने कपिल की बराबरी की है। वहीं दूसरी ओर उन्होंने सबसे तेजी से इस कमाल को करने में कपिल का रिकॉर्ड भी तोड़ा है। सेना देशों में 7 बार 5 प्लस विकेट लेने के लिए बुमराह ने जहां सिर्फ 51 पारियां खेली, वहीं कपिल देव ने ऐसा 62 पारियों में किया था।

अब सेना देशों में 27 टेस्ट में बुमराह ने 22.55 की औसत से 118 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/33 रहा है। उन्होंने कुल सात बार पांच विकेट लिए हैं।

उन्होंने कपिल (7) के साथ बराबरी की है और उनके बाद बीएस चंद्रशेखर, जहीर खान (छह बार पांच विकेट) और बिशन सिंह बेदी, अनिल कुंबले (पांच बार पांच विकेट) का नंबर आता है।

टेस्ट मैचों में पांच विकेट लेने वाले वे केवल पांचवें भारतीय कप्तान हैं, उनसे पहले वीनू मांकड़ (एक), बिशन (आठ), कपिल (चार) और कुंबले (दो) ने ऐसा किया है।

यह उपलब्धि हासिल करने वाले आखिरी भारतीय कप्तान कुंबले (5/84) थे, जिन्होंने 2007 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में यह कारनामा किया था। ऑस्ट्रेलिया ने वह मैच 337 रनों से जीता था।

बुमराह ने जोहान्सबर्ग, मेलबर्न, नॉटिंघम, नॉर्थ साउंड, किंग्स्टन, केपटाउन, बेंगलुरु, विशाखापत्तनम और पर्थ में पांच विकेट लिए हैं, जिससे वह सभी परिस्थितियों में खेलने वाले एक शानदार गेंदबाज बन गए हैं।

# फिडे के सीईओ सितोवस्की ने कहा लिरेन अनुभवी हैं

**नई दिल्ली।** 18 वर्षीय शतरंज स्टार डी गुकेश सोमवार से लॉड्र्स में शुरू हो रही 14 राउंड की विश्व शतरंज चैंपियनशिप में मौजूदा चैंपियन डिंग लिरेन का सामना करने के लिए तैयार हैं। युवा भारतीय को किसी और ने नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के सीईओ एमिल सितोवस्की ने पसंदीदा खिलाड़ी बताया है, जिनका मानना है कि गुकेश के पास सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनने की 50 प्रतिशत से अधिक संभावना है। पूर्व विश्व नंबर 17 सुतोव्स्की ने यूट्यूब पर फिडे शतरंज के साथ एक इंटरव्यू के दौरान गुकेश पर अपना विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, ₹वह गुकेश लगभग जीत की ओर अग्रसर है।



# सीएम योगी बोले: मोदी की नीति, नीयत और निर्णय पर जनता को विश्वास, फिर दोहराया 'बटेंगे तो कटेंगे'

**लखनऊ।** यूपी उपचुनाव में मिली जीत के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ भाजपा कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने 'बटेंगे तो कटेंगे' का नारा फिर से दोहराया। यूपी उपचुनाव में मिली जीत के बाद भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। सीएम योगी आदित्यनाथ कुछ देर में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इससे पहले भाजपा कार्यालय में पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य व उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सीएम का स्वागत किया।

सीएम योगी ने कहा कि नौ में से सात सीटों पर जीत का श्रेय पीएम मोदी को जाता है। पीएम पर लोगों को अटूट विश्वास है। ये जीत उसी का प्रमाण है। हम सब जनता का आभार व्यक्त करते हैं। सपा और इंडी की लूट और झूठ की राजनीति की समाप्ति की शुरूआत का ये परिणाम है।




### बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे

सीएम ने दोहराया बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। ये देश की जनता ने माना है। कुंदरकी पर कहा कि राष्ट्रवाद, जड़ और मूल की जीत सबको अपना गोत्र याद आया। अपनी जीत याद आती है।

इससे पहले सीएम योगी ने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट किया। लिखा कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा उपचुनावों में भाजपा-एनडीए की विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन पर जनता-जनार्दन के अटूट विश्वास की मुहर है। ये जीत डबल इंजन सरकार की सुरक्षा-सुशासन एवं जन-कल्याणकारी नीतियों तथा समर्पित कार्यकताओं के अथक परिश्रम का सफल है।

### विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई

मुख्यमंत्री ने लिखा कि उत्तर प्रदेश के सुशासन और विकास को अपना मत देने वाले उत्तर प्रदेश के सम्मानित मतदाताओं का आभार। सभी विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई। उन्होंने एक बार फिर सचेत किया कि बटेंगे तो कटेंगे। एक रहेंगे-सेफ रहेंगे।

### मोदी की नीति, नीयत और निर्णय पर जनता को विश्वास

कहा कि जो जनादेश महाराष्ट्र में मिला, ये राम और राष्ट्र के आराधक नए भारत की जीत है। आंबेडकर का अपमान करने वालों की पराजय है। आज फिर से स्पष्ट हुआ है कि देश की जनता को मोदी की नीति, नीयत और निर्णय पर अटूट विश्वास है। तुष्टिकरण और सांप्रदायिकता के शॉर्टकट से सरकार बनाने का सपना देख रहे इंडी गठबंधन की ये पराजय है।

### सीसामाऊ के चुनाव को रद्द कराना चाहती थी सपा

यूपी उपचुनाव के बारे में सपा ने मतदान के दिन से जो प्रलाप किया, उस पर जनता ने जो जवाब दिया है, कुंदरकी उसका उदाहरण है। सपा की जमानत जब्त होने वाली है। सपा सीसामाऊ के चुनाव को रद्द कराना चाहती थी। अब सिर्फ आठ हजार से जीत पाए हैं। करहल में सपा सिर्फ 14 हजार वोट से जीती है। जो केशव मौर्य ने कहा है उस ओर हम बढ़ रहे हैं।

भाजपा+ 07 सपा 02

उत्तर प्रदेश उपचुनाव नतीजे

| सीट | जीत के करीब | पार्टी |
|---|---|---|
| गाजियाबाद | संजीव शर्मा | भाजपा |
| मझवां | सुचिस्मिता मौर्या | भाजपा |
| मीरापुर | मिथलेश पाल | आरएलडी |
| खैर | सुरेंद्र दिलेर | भाजपा |
| फूलपुर | दीपक पटेल | भाजपा |
| कुंदरकी | रामवीर सिंह | भाजपा |
| करहल | तेजप्रताप यादव | सपा |
| कटेहरी | धर्मराज निषाद | भाजपा |
| सीसामऊ | नसीम सोलंकी | सपा |

## यूपी, बिहार से लेकर राजस्थान तक बीजेपी का जलवा



**उत्तरप्रदेश।** 15 राज्यों की 48 विधानसभा सीटों सहित लोकसभा की 2 सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे आ चुके हैं। इन 48 सीटों में से यूपी की 9 सीटों पर देशभर की निगाहें लगी हुई थीं। इसके अलावा वायनाड सीट के रिजल्ट को लेकर भी काफी उत्सुकता थी, जहां से प्रियंका गांधी वाड्रा ने बड़े अंतर की जीत हासिल की है। साथ ही राजस्थान में 7, पश्चिम बंगाल में 6, असम में 5, पंजाब और बिहार में 4-4 सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे भी घोषित किए गए। कर्नाटक और केरल में 3-3 सीटों पर चुनाव हुए थे। उत्तराखंड की केदारनाथ सीट पर बीजेपी की आशा नौटियाल ने जीत हासिल की है।

## मुस्लिमों के गढ़ कुंदरकी में सपा की जमानत जब्त: बीजेपी की सबसे बड़ी जीत



**उत्तरप्रदेश।** चौंकाने वाला उलटफेर मुरादाबाद की कुंदरकी सीट पर हुआ। 60% मुस्लिम वोटर्स वाली इस सीट पर सपा की जमानत जब्त हो गई। भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह ने यहां 1.43 लाख वोटों से जीत हासिल की। यह इस चुनाव की सबसे बड़ी जीत है। 31 साल बाद इस सीट पर भाजपा की एकतरफा जीत हुई है। जीत के बाद सीएम योगी लखनऊ में भाजपा मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने दोहराया- बंटेंगे तो कटेंगे। कुंदरकी में राष्ट्रवाद की विजय है। हर व्यक्ति को अपने जड़ और मूल की याद आती है। मुझे लगता है कि जो भूले भटके रहे होंगे, उन सबमें किसी को अपना गोत्र याद आया होगा, किसी को अपनी जाति याद आई होगी। वहीं, अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा- अब तो असली संघर्ष शुरू हुआ है... बांधे मुट्ठी, तानो मुट्ठी और पीडीए का करो उद्घोष। इधर, कानपुर की सीसामऊ सीट सपा ने जीती है। इरफान सोलंकी के जेल जाने के बाद सपा ने उनकी पत्नी नसीम सोलंकी को सीसामऊ से उतारा था। नसीम सोलंकी दरगाह गईं तो मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

## न्यूज डायरी

### भाजपा के धर्मराज ने रचा इतिहास, करीब 30 हजार मतों से सपा प्रत्याशी को दी पटखनी



**अम्बेड़कर नगर।** भाजपा के धर्मराज निषाद ने कटेहरी सीट पर इतिहास रचा। उन्होंने करीब 30 हजार मतों से सपा प्रत्याशी को पटखनी देकर जीत हासिल की। यूपी में अंबेडकरनगर के कटेहरी उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी धर्मराज निषाद ने लगभग 30 हजार के बड़े अंतर से जीत दर्ज कर ली। विधानसभा के सामान्य चुनाव व बीते दिनों हुए लोकसभा चुनाव में इस सीट पर सपा को अधिकतम बढ़त लगभग 17 हजार मतों की मिली थी। अब बीजेपी ने इसे काफी पीछे छोड़ते हुए नये समीकरण स्थापित कर डाले हैं। वर्ष 2022 में हुए विधानसभा के सामान्य चुनाव में कटेहरी से सपा के टिकट पर लालजी वर्मा विजयी हुए थे। बाद में वे सपा से अंबेडकरनगर के सांसद चुन लिए गए। उनके इस्तीफा देने से खाली हुई विधानसभा सीट पर अब उपचुनाव कराया गया।

#### सपा की बढ़त 17 हजार से भी अधिक थी

बीजेपी ने धमाकेदार जीत दर्ज की है। यह जीत इस मायने में महत्वपूर्ण है, क्योंकि विधानसभा के सामान्य चुनाव में सपा को साढ़े सात हजार से अधिक मत के अंतर से जीत मिली थी। लोकसभा में कटेहरी की सीट पर सपा की बढ़त का अंतर 17 हजार से भी अधिक थी।

#### भाजपा ने कटेहरी में इतिहास रचा

भाजपा ने अब इन दोनों चुनाव की बढ़त से भी बड़े अंतर से जीत दर्ज कर डाला। इस जीत ने विधानसभा क्षेत्र में नए समीकरण गढ़ डाले हैं। ब्राह्मण व क्षत्रिय मतदाता लंबे अरसे बाद एक मंच पर आकर वोट देने से नहीं हिचके तो वहीं अति पिछड़े वर्ग के मतदाताओं का एक जुट समर्थन इस वर्ग से जुड़े भाजपा प्रत्याशी धर्मराज निषाद को मिल गया। नतीजा यह हुआ कि भाजपा ने कटेहरी में इतिहास रचने वाली जीत दर्ज कर ली। इस जीत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ताबड़तोड़ दौरों को भी बड़ा आधार माना जा रहा है।

उन्होंने कुल पांच दौरे में एक तरफ जहां विकास की नई उम्मीद लोगों में लगातार जगाई तो वहीं कार्यकताओं और नेताओं को कई टास्क देकर उस पर अच्छे से काम कराया।

#### सपा की हार का यह भी रहा कारण

उधर सपा सांसद लालजी वर्मा द्वारा फिर से परिवार के ही सदस्य को टिकट दिला देने से पार्टी के भीतर नाराजगी ने भी सपा को पीछे ढकेलने में अहम भूमिका निभाया। यह नाराजगी दूर करने का मोर्चा पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भी संभाला। नाराज नेताओं को लखनऊ तक बुलाया। पर बात बन नहीं पाई।

## दिल्ली के एलजी ने कहा: केजरीवाल से हजार गुना बेहतर हैं आतिशी, सियासी हलकों में हैरानी



**नई दिल्ली।** एलजी व आप सरकार के बीच टकराव को देखते हुए एलजी की ओर से आतिशी की प्रशंसा पर सियासी हलकों में हैरानी है। इंदिरा गांधी महिला तकनीकी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में सक्सेना ने कहा, मुझे खुशी है कि दिल्ली की सीएम महिला हैं। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी अपने पूर्ववर्ती अरविंद केजरीवाल से हजार गुना बेहतर हैं। एलजी व आप सरकार के बीच टकराव को देखते हुए एलजी की ओर से आतिशी की प्रशंसा पर सियासी हलकों में हैरानी है। इंदिरा गांधी महिला तकनीकी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में सक्सेना ने कहा, मुझे खुशी है कि दिल्ली की सीएम महिला हैं। डिग्री में कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग (एआई), एआई और मशीन लर्निंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग समेत कई विषयों में डिग्री दीं। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री आतिशी शामिल रहीं। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि तकनीकी प्रगति के इस युग में विविध क्षेत्रों में योग्य पेशेवर देने में विवि की अहम भूमिका है। यह वर्षों की कड़ी मेहनत, समर्पण और विकास का समापन है। जैसे-जैसे आप आगे बढ़ते हैं, आपके सामने चार मार्गदर्शक बातें होती हैं उपराज्यपाल ने छात्राओं से कहा, जैसे-जैसे आप आगे बढ़ते हैं, आपके सामने चार मार्गदर्शक बातें होती हैं।

### देश की प्रगति में महिला इंजीनियरों की महत्वपूर्ण भूमिका : उपराज्यपाल

देश की प्रगति में महिला इंजीनियरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उपराज्यपाल ने इंदिरा गांधी दिल्ली तकनीकी महिला विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में यह बात कही। इस दौरान 735 स्नातक, 170 स्नातकोत्तर और 16 डॉक्टरेट की उपाधियों से छात्रों को सम्मानित किया गया। इसमें विभिन्न विषयों में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों को 2 कुलाधिपति स्वर्ण पदक और 12 कुलपति स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इसके अलावा, 14 अनुकरणीय प्रदर्शन रजत पट्टिकाएं छात्रों को प्रदान की गईं।

### दिल्ली सरकार की यूनिवर्सिटीज में छात्रों की संख्या दोगुनी हुई : आतिशी

मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि पिछले 10 सालों में दिल्ली में सरकारी स्कूलों के साथ यूनिवर्सिटीज में भी शिक्षा में बदलाव आया है। 10 सालों में दिल्ली सरकार के यूनिवर्सिटीज में छात्रों की संख्या दोगुनी हुई है। उन्होंने कहा कि 10 सालों में 4 नई यूनिवर्सिटी की भी शुरूआत की है। साथ ही, अपने यूनिवर्सिटीज के कैंपस का भी विस्तार किया। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली सरकार की सभी यूनिवर्सिटी में भी स्टूडेंट्स को उद्यमी बनने का मौका मिलेगा। इसके लिए बिजनेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम की शुरूआत होगी।

## श्रीनगर में गूंजे जीत के नारे, भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**जम्मू कश्मीर।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रीनगर में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में महायुति की ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया जहां कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर और मिठाइयां बाटकर जीत का उत्सव मनाया। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में महायुति की भारी जीत का जश्न जम्मू और कश्मीर के श्रीनगर में भी देखने को मिला। भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रीनगर में विभिन्न स्थानों पर विजय उत्सव मनाया और महायुति की जीत पर खुशी जाहिर की। कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े, मिठाइयां बांटी और इस ऐतिहासिक जीत की खुशी में नारे लगाए। श्रीनगर के प्रमुख बाजारों और सड़कों पर रंग-बिरंगे झंडे और बैनर लहराए गए। श्रीनगर के लाल चौक, सफाकदल और जाहर नगर इलाकों में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर जश्न मनाया। उनके हाथों में भाजपा के झंडे थे और वे 'महायुति की जीत हो, मोदी सरकार की जीत हो' जैसे नारे लगा रहे थे। कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार की नीतियों की तारीफ करते हुए राज्य और केंद्र में बीजेपी की बढ़ती लोकप्रियता को लेकर उत्साह व्यक्त किया। इस मौके पर स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर राज्य में बीजेपी की सफलता को कश्मीर घाटी में पार्टी के बढ़ते प्रभाव के रूप में देखा। कार्यकर्ताओं ने इस जीत को कश्मीर में लोकतंत्र की मजबूती और राजनीतिक परिवर्तन के रूप में लिया। यह विजय पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आगामी चुनावों में कश्मीर में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए उत्साहित है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने यह भी दावा किया कि कश्मीर में पार्टी का प्रभाव अब लगातार बढ़ेगा और इस जीत से आगामी चुनावों में और अधिक सफलता मिलेगी।

## संसद में आंख से आंख मिलाकर जनता के मुद्दों पर सवाल पूछेंगी प्रियंका गांधी : रॉबर्ट वाड्रा



**नई दिल्ली।** वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने 4 लाख से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की है। प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने शनिवार को आईएएनएस से खास बातचीत की। उन्होंने वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की स्थिति, दिल्ली विधानसभा चुनाव सहित अन्य मुद्दों पर प्रतिक्रिया दी। सवाल : वायनाड लोकसभा सीट पर प्रियंका गांधी ने बड़ी जीत दर्ज की है, जवाब : मैं बहुत खुश हूं कि वायनाड की जनता ने प्रियंका गांधी को जिताने का इरादा बनाया और वह पूरा हो गया। मैं कहना चाहता हूं कि प्रियंका गांधी ने पूरे देश में मेहनत की है। भाजपा ने उन पर कई आरोप भी लगाए। लेकिन वह मजबूत बनी रहीं। यह सब जनता ने देखा है और वायनाड में वह एक बड़ी जीत हासिल की है। सवाल : प्रियंका गांधी ने वायनाड लोकसभा सीट पर नामांकन के दौरान कहा था कि यह चुनाव जनता द्वारा लड़ा जा रहा है। जवाब : लोगों के बीच में रहने का मेरे पास अनुभव है। मैंने देखा है कि वायनाड के लोगों के मन में प्रियं का के लिए बेहद प्यार है। यहां ामझा है। वोटों की गिनती पूरी होने के बाद मुझे भरोसा है कि प्रियंका एक ऐतिहासिक जीत हासिल करेंगी। प्रियंका गांधी वायनाड की जनता की समस्याओं का समाधान निकालेंगी और संसद में उनके मुददे उठाएंगी।

## तारिक अनवर ने कहा, 'महाराष्ट्र का परिणाम हमारी उम्मीद के विपरीत आया', गुलाम अहमद मीर ने झारखंड के नतीजों दी प्रतिक्रिया



**नई दिल्ली।** झारखंड विधानसभा चुनाव के रुझानों में हेमंत सोरेन की झामुमो का दोबारा सत्ता में आना लगभग तय है। राज्य की 81 विधानसभा सीटों पर वोटों की गिनती के दौरान रुझानों में झामुमो गठबंधन ने 57 सीटों पर बढ़त बना ली है। यह आंकड़ा 41 के बहुमत से 15 सीट अधिक है। इससे साफ है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाला गठबंधन विपक्ष में रहेगा। झारखंड विधानसभा चुनाव के परिणामों पर राज्य के पर्यवेक्षक तारिक अनवर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि हमें उम्मीद है कि सीटों की संख्या और बढ़ेगी। हम ना उम्मीद नहीं हैं। एक सवाल के जवाब में तारिक अनवर ने कहा कि जन हित में हम लोगों ने या जो हमारी सरकार ने कदम उठाया है हमें उसका फायदा मिला है। चाहे वह शहरी हो या ग्रामीण हो दोनों जगह उसका असर दिखाई पड़ा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। तारिक अनवर ने महाराष्ट्र के नतीजों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में जो हम सोच रहे थे वो परिणाम नहीं आया। इसका कारण क्या है इस पर चिंतन और मंथन करना पड़ेगा। तुरंत किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सकता। हम लोगों की उम्मीद के विपरीत महाराष्ट्र का परिणाम आ रहा है। वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने भी झारखंड विधानसभा चुनाव के परिणामों पर प्रतिक्रिया दी। मीर ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि हमने चुनाव में जनता को संपर्क करने की कोशिश की। हमने जो काम किए हैं, उनको जनता तक पहुंचाने का काम किया। जनता ने उसका जवाब भी दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में इंडिया गठबंधन 50 से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करेगा। हमें उम्मीद है कि गठबंधन का स्कोर 57 सीटों तक पहुंचेगा। हम बहुमत से राज्य में सरकार बनाएंगे और 5 साल फिर से समर्पण के साथ झारखंड की जनता की सेवा करेंगे। हमने राज्य में चुनाव प्रचार के दौरान अगले पांच साल का जो एजेंडा दिया था, वो बिल्कुल साफ दिया था। हमने कोई हवाई बातें नहीं की थीं। जनता को भटकाने का काम नहीं किया था। हम सही ढंग से खुद को जनता के साथ जोड़ते रहे।

## केदारनाथ से आशा नौटियाल ने दर्ज की जीत, विकास के लिए समर्पित होगा कार्यकाल



**केदारनाथ।** उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के परिणाम भारतीय चुनाव आयोग ने 23 नवंबर को जारी कर दिए हैं। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल को जीत मिली है। भाजपा प्रत्याशी को कुल 23,814 वोट मिले हैं। वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत को 18,192 वोट मिले। आशा नौटियाल ने 5,622 वोटों से जीत हासिल की है। इस सीट पर नोटा को 834 वोट मिले। केदारनाथ विधानसभा सीट पर जीत हासिल करने के बाद आशा नौटियाल ने कहा है कि विकास के मुद्दों पर हम लोगों ने चुनाव लड़ा है। इस चुनाव में विपक्ष सिर्फ लोगों को भ्रमित करने का काम कर रहा था। विपक्ष कभी भी जनता के हित की बात करते हुए नजर नहीं आया। जबकि भाजपा ने सिर्फ विकास की बात की है। मैं सभी मतदाताओं और कार्यकताओं को तहे दिल से धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने विकास के मुद्दे पर भाजपा को जीत दिलाने में भूमिका निभाई है। उन्होंने आगे कहा, केदारनाथ विधानसभा और केदारनाथ में विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अगुवाई में लगातार काम किया जा रहा है। भाजपा के विकास कार्यों पर जनता ने अपनी मुहर लगाई है। आशा नौटियाल के पास अब दो साल का वक्त है जिसमें उनको चुनाव के दौरान उठाए गए मुद्दों को धरातल पर लाने की चुनौती है। इस पर आशा नौटियाल ने कहा है कि मुझसे पहले यहां पर पूर्व में जो भाजपा की विधायक थीं, उन्होंने केदारनाथ विधानसभा में काफी विकास के कार्य किए। बचे हुए कार्यों को हम आगे लेकर जाएंगे। केदारनाथ यात्रा को बेहतर करने का काम करेंगे। युवाओं को रोजगार दिलाने का काम करेंगे। मुझे जितना समय मिला है, उसमें मेरा पूरा समय केदारनाथ के विकास के लिए समर्पित होगा। बता दें कि शनिवार सुबह 8 बजे से कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना शुरू हुई थी और 13 राउंड के बाद भाजपा प्रत्याशी को 5,622 मतों से जीत हासिल हुई है।

## चार में से तीन सीटों पर चली 'आप' की झाड़ू, एक पर कांग्रेस जीती

**चण्डीगढ़-पंजाब।** पंजाब की चार विधानसभा सीटों में से तीन सीटें आम आदमी पार्टी ने जीती हैं। वहीं बरनाला सीट कांग्रेस के खाते में गई हैं। उपचुनाव में दो कांग्रेस सांसदों की पत्नियां हारी हैं। वहीं भाजपा उम्मीदवार व पूर्व वित्तमंत्री मनप्रीत बादल गिद्दड़बाहा सीट से हार गए हैं।

पंजाब की चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में तीन सीटों पर सत्ताधारी पार्टी आप की झाड़ू चली है। वहीं एक सीट पर कांग्रेस का पंजा चला है। इनमें चब्बेवाल (होशियारपुर), डेरा बाबा नानक (गुरदासपुर) और गिद्दड़बाहा (मुक्तसर) सीट आम आदमी पार्टी ने जीती है। चब्बेवाल से डॉ. इशांक कुमार, डेरा बाबा नानक से गुरदीप सिंह रंधावा और गिद्दड़बाहा सीट से हरदीप सिंह डिंपी ढिल्लों जीते हैं। वहीं सगंरूर जिले की बरनाला सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार कुलदीप सिंह ढिल्लों ने जीत दर्ज की है।

गिद्दड़बाहा सीट से भाजपा उम्मीदवार व पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत बादल को भी हार का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा कांग्रेस के दो मौजूदा सांसदों की पत्नियां भी हारी हैं। डेरा बाबा नानक सीट से कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा की पत्नी जतिंदर कौर और गिद्दड़बाहा सीट से पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष व लुधियाना से सांसद राजा वड़िंग की पत्नी अमृता वड़िंग भी हार गई हैं।



### इशांक बने सबसे युवा विधायक

होशियारपुर के कंडी क्षेत्र के हलके चब्बेवाल में आम आदमी पार्टी (आप) उम्मीदवार डॉ. इशांक चब्बेवाल ने भारी मतों से जीत हासिल की है। मतगणना की शुरूआत से ही इशांक बढ़त बनाए हुए थे। डॉ. इशांक को 50 हजार से ज्यादा वोट मिले हैं। खास बात यह है कि उन्होंने करीब 30 हजार वोटों के अंतर से जीत हासिल की है। डॉ. इशांक ने एकतरफा जीत हासिल की है। आप के डॉ. इशांक को 51753 वोट मिले हैं। कांग्रेस प्रत्याशी रणजीत को 23171 और भाजपा उम्मीदवार सोहन को 8667 मत मिले हैं। डॉ. इशांक 31 साल के हैं और वे पंजाब के सबसे युवा विधायक भी बने हैं।

### डेरा बाबा नानक में हारी कांग्रेस सांसद की पत्नी

पंजाब के डेरा बाबा नानक हलके में भी आम आदमी पार्टी (आप) को जीत मिली है। आप उम्मीदवार गुरदीप सिंह रंधावा को लगभग 60 हजार से ज्यादा वोट मिले हैं। वहीं, कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा की पत्नी जतिंदर कौर को हार का मुंह देखना पड़ा है। कांग्रेस उम्मीदवार जतिंदर कौर को 53322 वोट मिले हैं। भाजपा प्रत्याशी रविकरण काहलों को कुल 6449 मत मिले हैं।

### मनप्रीत बादल को कुल 12174 वोट

पंजाब के मुक्तसर जिले के विधानसभा हलका गिद्दड़बाहा उपचुनाव में भी आम आदमी पार्टी (आप) की जीत हुई है। गिद्दड़बाहा में आप उम्मीदवार हरदीप सिंह डिंपी ढिल्लों ने पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग की पत्नी अमृता वड़िंग को करीब 22 हजार वोटों के अंतर से हराया है। डिंपी ढिल्लों को 71198 वोट मिले हैं। वहीं, अमृता वड़िंग को 49397 वोट मिले हैं। वहीं पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री व भाजपा प्रत्याशी प्रत्याशी मनप्रीत बादल को कुल 12174 मत पड़े हैं।

### आप ने गंवाई बरनाला सीट, कांग्रेस जीती

मुख्यमंत्री भगवंत मान के गृह जिला संगरूर की बरनाला सीट पर कांग्रेस ने कब्जा किया है। बरनाला से कांग्रेस उम्मीदवार कुलदीप सिंह ढिल्लों ने जीत दर्ज की है। वहीं आप के हरिंदर सिंह धालीवाल को करीब 2 हजार वोटों के अंतर से हार मिली है। कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप ढिल्लों को 28254 वोट मिले हैं। आप कैंडिडेट हरिंदर धालीवाल को 26097 वोट पड़े। नन